हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार, 3 सितंबर, 2025


तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

10 राइजिंग पाइप लाइन की मरम्मत पूरी सुबह से होगी शहर में पानी सप्लाई



11 मिडिल कट को बंद करने से नाराज लोगों ने जताया विरोध






B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065


# खाड़ी में बना निम्न दाब का क्षेत्र, ट्विनसिटी में झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

तीन दिन बाद मौसम फिर से करवट ले रहा है। पश्चिम बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब का क्षेत्र बनने से फिर से छत्तीसगढ़ में भारी बारिश के आसार बन गए हैं। दुर्ग संभाग में बुधवार को भारी बारिश का एलर्ट जारी किया गया है। इस हिसाब से दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, मानपुर मोहला और कबीरधाम जिले में भारी बारिश हो सकती है। ट्विनसिटी में मंगलवार की शाम झमाझम बारिश हुई

### दोपहर बाद छाए रहे काले बादल, रात में बारिश हुई

मंगलवार की सुबह सूर्यदेव के दर्शन कुछ देर के लिए हुए। उसके बाद बदली आई और शहर के कई हिस्सों में हल्की बारिश भी हुई। दोपहर बाद आसमान पर काले बादल मंडराए और बदली की स्थिति बन गई। शाम व रात तक यही स्थिति रही कि कभी भी बारिश हो सकती है। रात करीब 9 बजे बारिश भी शुरु हो गई है।



### ये सिस्टम फिर से प्रभावी

मौसम विभाग के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है, यह 24 घंटे में और अधिक प्रबल होने की संभावना है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए उड़ीसा की तरफ जाने की संभावना है । मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर बीकानेर, जयपुर, दतिया, सीधी, झारसुगुड़ा, पुरी, उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित निम्न दाब के केंद्र तक स्थित है। 3 सितंबर को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः रायपुर संभाग और दुर्ग संभाग की जिले संभावित है।

### पिछले साल से 7 मिमी औसत बारिश कम

दुर्ग जिले में एक जून से अब तक 764.9 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। पिछले साल 2 अगस्त तक 822.7 मिलीमीटर बारिश हो चुकी थी। इस हिसाब से पिछले साल की अपेक्षा अभी भी 7 मिलीमीटर औसत बारिश की कमी बनी हुई है। जिस हिसाब से सप्ताहभर पहले पिछले मंगलवार की रात चक्रवाती बारिश हुई थी उसी तरह फिर से स्थिति बन रही है।

## खबर संक्षेप

### चाकू दिखाकर धमकाने वाले दो गिरफ्तार

**भिलाई।** नेवई पुलिस ने धारदार चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नेवई पुलिस को सूचना मिली थी कि बैकुंठ धाम नेवई के पास सार्वजनिक कुछ लोग चाकू लेकर लोगों को डरा व धमकी दे रहे हैं। सूचना मिलते ही नेवई पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में स्टेशन मरोदा निवासी केवल दास मानिकपुरी उर्फ भोला, नेवई डैम के पास एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा निवासी श्रवण गंगराई का नाम शामिल है। युवकों से धारदार चाकू जब्त किया गया है।

### निगम ने नाली के उपर से अवैध अतिक्रमण हटाया



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने मंगलवार सुबह निरीक्षण के दौरान देखा कि वार्ड 22 कुरुद ढांचा भवन रोड में बाबा स्वीट्स के संचालक ने नाली को पाटकर उसके ऊपर अवैध अतिक्रमण कर लिया है। इसके कारण नाली के पानी की निकासी सही ढंग से नहीं हो पा रही है। पानी बहकर सड़क पर जमा हो रहा था। इसकी शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में भी स्थानीय निवासियों द्वारा दर्ज कराई गई थी। शिकायत पर संज्ञान लेकर ही निगम आयुक्त खुद वहां पहुंचे। उन्होंने इसके बाद जोन 2 वैशाली नगर की आयुक्त एशा लहरे और सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे को कार्रवाई के निर्देश दिए। निगम की टीम मौके पर जेसीबी लेकर पहुंची और बाबा स्वीट्स के संचालक द्वारा नाली के ऊपर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने का काम किया। अतिक्रमण को तोड़कर हटाया गया और जाम नाली से पानी निकासी की व्यवस्था बनाई गई।

### दुर्ग-सुलतानपुर, चर्लापल्ली-रक्सौल, गोंदिया-पटना, दुर्ग-पटना

# रेलवे ने दी बड़ी राहत, दीपावली और छठ को लेकर शुरू की चार स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



छत्तीसगढ़ में दूसरे प्रांत से आने वाले लोगों और त्योहारी सीजन में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने छत्तीसगढ़ के लिए अलग-अलग चार स्पेशल ट्रेन शुरू करने का निर्णय लिया है। ये सभी ट्रेन दुर्ग रायपुर सहित अन्य बड़े शहरों को जोड़ते हुए चलेंगीं। इससे लोगों को रिजर्वेशन में बड़ी वेटिंग से राहत मिलेगी।

रेलवे ने दीपावली और छठ पूजा पर छत्तीसगढ़ से 4 स्पेशल ट्रेन शुरू कर दी हैं। शुरू की गई ट्रेनों में दुर्ग-सुलतानपुर, चर्लापल्ली-रक्सौल, गोंदिया-पटना और दुर्ग-पटना शामिल हैं। रेलवे के मुताबिक इन ट्रेनों से यात्रियों को कंफर्म बर्थ और आरामदायक यात्रा की सुविधा मिल सकेगी। इससे छत्तीसगढ़, यूपी, बिहार, दिल्ली और आंध्र प्रदेश समेत कई राज्य से आना जाना करने वाले यात्रियों का सफर आसान होगा। इससे पहले भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बिलासपुर जोन से त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिए 4 पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की थी। ये ट्रेनें 30 फेरों में चलेंगी। यानी छत्तीसगढ़ से कुल 8 स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएगी।ॉ दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा सबसे ज्यादा 39 ट्रेनें चलाई जाएंगी। वहीं 31 अगस्त से 15 सितंबर तक छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 30 ट्रेनें कैंसिल की गई हैं। 6 ट्रेनों के रूट बदले गए हैं, जबकि 5 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है। इसके अलावा गोंदिया से पटना के लिए ट्रेन 08897 गोंदिया-पटना स्पेशल 23 और 24 अक्टूबर 2025 को गोंदिया से चलेगी। ट्रेन नंबर 08898 पटना-गोंदिया स्पेशल 24 और 25 अक्टूबर 2025 को पटना से गोंदिया के लिए रवाना होगी।

### चार पूजा स्पेशल ट्रेनें लगाएंगी 30 फेरे

दुर्ग-सुलतानपुर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन 08763 दुर्ग-सुलतानपुर 13 सितंबर से 29 नवंबर 2025 तक हर शनिवार दुर्ग से चलेगी। 08764 सुलतानपुर-दुर्ग स्पेशल 14 सितंबर से 30 नवंबर 2025 तक हर रविवार सुलतानपुर से रवाना होगी। इसमें 3 एसएलआर, 4 स्लीपर, 8 एसी थर्ड, 1 एसी टू, 02 एसी टू कम थर्ड और 2 अन्य कुल 20 कोच होंगे। मौजूदा ट्रेन सेवा 29 सितंबर से 2 दिसंबर 2025 तक शुरू की गई है। ट्रेन नंबर 07051 चर्लापल्ली-रक्सौल स्पेशल 4 अक्टूबर से 29 नवंबर तक हर शनिवार चलेगी। ट्रेन 07052 रक्सौल-चर्लापल्ली स्पेशल 7 अक्टूबर से 2 नवंबर तक हर मंगलवार चलेगी।

### दुर्ग हजरत निजामुद्दीन के बीच 8 फेरे

ट्रेन नंबर 08760 दुर्ग से 5 अक्टूबर से 23 नवंबर तक हर रविवार को चलेगी। दुर्ग से सुबह 10.45 बजे रवाना होगी। अगले दिन सुबह 11.10 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी। यह ट्रेन रायपुर, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुरवारा, दमोह, सागर, झांसी, आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन और पलवल स्टेशनों पर ठहरेगी। ट्रेन में 20 कोच होंगे, जिनमें एसी, स्लीपर और जनरल डिब्बे होंगे। ट्रेन संख्या 08761 हजरत निजामुद्दीन से 6 अक्टूबर से 24 नवंबर तक हर सोमवार को रवाना होगी। ट्रेन 08261 बिलासपुर से 9 सितंबर से 18 नवंबर तक हर मंगलवार को चलेगी। ट्रेन 08262 यलहंका से 10 सितंबर से 19 नवंबर तक हर बुधवार को रवाना होगी। जो बिलासपुर, भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया स्टेशनों पर उक्त ट्रेने रुकेगी।

### इन यात्रियों को मिलेगा लाभ

रेलवे के मुताबिक इन ट्रेनों के संचालन से दुर्ग, रायपुर, गोंदिया सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को सीधी सुविधा उपलब्ध होगी। दिवाली पर घर लौटने वालों की संख्या में हर साल इजाफा होता है। जिससे नियमित ट्रेनों में भारी भीड़ रहती है। ऐसे में यह विशेष व्यवस्था यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का विकल्प प्रदान करेगी।

### दुर्ग-पटना रूट की ट्रेन

दिवाली के अवसर पर दुर्ग-पटना रूट पर विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। ट्रेन 08795 गोंदिया से 19 अक्टूबर 2025 को पटना जाएगी। वापसी में ट्रेन संख्या 08796 पटना से 20 अक्टूबर 2025 को रवाना होगी। इस ट्रेन में 18 कोच लगाए गए हैं। इनमें 2 एसएलआर, 5 सामान्य, 8 स्लीपर, 2 एसी थ्री और 1 एसी टू कोच शामिल हैं। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से समय पर टिकट बुकिंग की अपील की है। उत्तर प्रदेश और बिहार जाने वाली ट्रेनों में सबसे अधिक भीड़ रहती है। ट्रेनों की समय-सारणी रेलवे की वेबसाइट और स्टेशनों पर उपलब्ध है।

# नो हेलमेट नो पेट्रोल आदेश को लागू करने अधिकारी हुए सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



नो हेलमेट नो पेट्रोल आदेश का पालन नहीं होता देख दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर जिले में सभी पेट्रोल पंप संचालको की बैठक बुलाई। बैठक में एडीएम अभिषेक अग्रवाल ने निर्देश दिया कि आदेश का सख्ती से पालन किया जाए नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एएसपी सुखनंदन राठौर समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में एडीएम अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि सभी को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए कि सभी लोग सुरक्षित रहें, बिना हेलमेट के वाहन चलाने से दुर्घटना होने पर सिर में गंभीर चोट लग सकती है, हेलमेट लगाने से बचा जा सकता है। संचालकों को बिना हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देना है। एएसपी शहर सुखनंदन राठौर ने कहा कि सबके समन्वित प्रयास से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है, साथ ही सीसीटीवी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सुरक्षित वातावरण तैयार करने में सहयोग करें। जिला खाद्य अधिकारी अनुराग भदौरिया ने बताया कि निर्देश कड़ाई से पालन करें। संचालकों द्वारा अपनी समस्याएं बताते हुए लागू करने में सहमति प्रदान की। जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों के साथी पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर प्रदाय किए गए। पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल नजदीकी थाने एवं पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

# कोस्टा रिसोर्ट के मालिक के खिलाफ जुर्म हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

कोस्टा रिसोर्ट में बीते 25 नवंबर को शादी समारोह के दौरान एक आठ वर्षीय बच्चे की स्वीमींग पूल में डूबने से मौत हुई थी। घटना जांच कर रही पुलिस ने बताया कि जांच में पाया गया है कि कोस्ट रिसोर्ट संचालक हेमंत देवांगन ने प्रथम तल में बने स्वीमींग पूल की गहराई 8 फीट रखी है। पूल का निर्माण लापरवाही पूर्वक किया गया है। इसे लेकर पुलिस ने संचालक के खिलाफ धारा 106 (1) के तहत जुर्म दर्ज किया है। बोरी पुलिस ने बताया कि कुशालपुर चौकी प्रोफेसर कालोनी रायपुर निवासी मृतक लोकेश देवांगन 8 वर्ष शादी कार्यक्रम में खेलने के दौरान स्वीमिंग पुल में भरे पानी में गिरने उसकी मौत हो गई। दुर्ग जिले के दनिया स्थित कोस्टा रिसार्ट के संचालक हेमंत देवांगन द्वारा बनाए गए स्वीमींग पुल में लापरवाही पाई गई है। घटना की शिकायत सिकोलाभाठा मोहन नगर दुर्ग हाल कुशालपुर चौक प्रोफेसर कालोनी निवासी राजकुमार देवांगन ने की। उसने बताया कि 24 नंबर को ननकट्ठी निवासी ज्ञान देवांगन के बेटे पकंज देवांगन की कोस्टा रिसॉर्ट में शादी थी। उसमें शामिल होने के लिए वो अपनी पत्नी दामिनी, बेटे एश्वर्य व लोकेश के साथ गया था। उसके साथ उसे अन्य रिश्तेदार भी थे।

- स्वीमींग पूल में डूबने से हुई थी मौत

# मंत्रालय में नौकरी लगाने का झांसा देकर 5 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम पर 5 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। अंजोरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंजोरा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम चिरचार थाना अर्जुन्दा जिला बालोद निवासी संतराम देशमुख ने शिकायत किया कि भेषराम देशमुख, रविकांत देशमुख दोनों सरकारी क्वार्टर वेटनरी कालेज अंजोरा और राजनांदगांव अरुण मेश्राम के द्वारा मंत्रालय में सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर 5 लाख रुपये लिया था। उन्होंने दावा किया था कि उनकी मंत्रालय में अच्छी जान पहचान है और वो चपरासी की पोस्ट पर नौकरी लगवा सकता है। उसने कहा कि उन्हें 40 रुपए वेतन मिलेगा। संतराम आरोपियों के झांसे में आ गया और साल 2022 में अपने दमाद और बेटे की नौकरी लगाने के लिए आरोपियों को 5 लाख रुपए दे दिया। नौकरी नहीं लगने पर 25 मई 2022 को भीषम लाल अमृत, दामाद ज्ञानी देशमुख के साथ अंजोरा स्थित क्वार्टर पीड़ित पहुंचा। जहां भेषराम व उसका बेटा रविकांत एक अन्य घर पर बैठे थे। भेषराम देशमुख द्वारा परिचय कराते हुये राजनांदगांव निवासी अरुण मेश्राम बताया गया। आरोपियों को रकम देने के लिए पीड़ित ने गांव का 55 डिसमिल जमीन का सौदा किया। रकम लेने के बाद आरोपियों ने 6 माह में नौकरी लगने की बात कही थी लेकिन 6 माह बीतने के बाद भी दोनों का नौकरी नहीं लग पाया।

# बालक को बचाने वाला नदी में बहा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बारह वर्षीय बालक को बचाने शिवनाथ नदी कूदा युवक तेज बहाव में बह गया। मिली जानकारी के मुताबिक बालक को बचाने दो युवक जिसमें एक युवक योगेंद्र ठाकुर बालक को बचाने में सफल रहा लेकिन खुद तेज बहाव में बह गया।

स्थानीय लोगों ने बालक और अन्य युवक को बचा लिया। खबर लगते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। योगेंद्र ठाकुर की तलाश में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। नदी में पानी का बहाव तेज होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी दिक्कतें आ रही हैं। फिलहाल योगेन्द्र की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।


सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग


### नेवई थाने का मामला, पीड़िता ने बताई आप बीती

# गर्भवती होने के बाद किया शादी से इंकार शिकायत पर पुलिस ने युवक को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



युवती से दोस्ती कर प्यार और शादी का झांसा देकर उसके साथ दो साल तक शारीरिक संबंध बनाए, जब युवती गर्भवती हो गई तो युवक ने शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद युवत ने नेवई थाने में शिकायत की। शिकायत के बाद पुलिस ने युवती का मेडिकल कराया और आरोपी युवक के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया गया।

नेवई पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम बाबू सागर है। वो रिसाली भाठा नेवई का रहने वाला है। 23 वर्षीय युवती से उसकी मुलाकात 2023 को गणेश विसर्जन के समय स्टेशन मरोदा में हुई थी। धीरे धीरे उसने युवती से दोस्ती बढ़ाई और उसके घर तक आने जाने लगा। इसके बाद उसने उसे शादी का प्रलोभन दिया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद वो लगातार युवत से अनाचार करता रहा, लेकिन शादी नहीं की। कई बार उसे उत्कल होटल सहित अन्य होटल में ले गया। जब युवती 6 महीने गर्भ से हो गई और शादी के लिए दबाव बनाया तो युवक ने शादी करने से ही इंकार कर दिया। युवती ने आरोपी के परिजनों से न्याय की गुहार लगाई तो उल्टा उसे जान से मारने की धमकी मिलने लगी। बाबू सागर पावर हाउस स्थित उत्कल होटल में लेकर साथ गया और युवती से जबरन अनाचार किया। ट्विनसिटी में लगे होर्डिंग के मुताबिक आरोपी बाबू सागर कौशल उत्कल युवा शक्ति का सदस्य है।

### सुलह करने युवती पर बनाया दबाव

युवती ने बताया कि जब उसे पुलिस में जाकर मामले की शिकायत की तो कौशल उत्कल युवा शक्ति के कई लोग सुलह कराने के लिए लगातार उसके ऊपर दबाव बना रहे हैं। कई लोग घर भी पहुंचे थे। दबाव बनाने वालों में एक महिला भी शामिल है। शिकायत के बाद जब पुलिस ने बाबू सागर को गिरफ्तार किया तो दबाव बनाने के लिए कुछ लोग सोमवार देर शाम थाने पहुंचकर घेराव करने की कोशिश करने लगे। इसमें आरोपी के परिजन भी शामिल थे। पुलिस फोटो वीडियो और थाने के सीसी टीवी फुटेज के आधार पर कार्यवाही कर रही है।

### गिरफ्तार कर भेजा जेल

युवती की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।युवती का मेडिकल कराया गया है। फिलहाल जांच जारी है। - **कोमल सेंगर,** प्रभारी नेवई


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र- छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

# प्रशासनिक कार्यों में आएगी पारदर्शिता, जिले में होगी ऑनबोर्डिंग प्रणाली लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में सभी विभाग प्रमुखों को ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि अब सभी नई फाइलें केवल ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से ही प्रेषित की जाएं। इसी तरह अधिकारियों के अवकाश आवेदन भी इसी प्रणाली से प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की प्रगति की समीक्षा की और साथ ही विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की वर्तमान स्थिति की जानकारी भी अधिकारियों से प्राप्त की। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि लंबित मामलों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार कर शीघ्र सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण की जाए, ताकि योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक समय पर पहुंच सके।

### रजत जयंती की तैयारी के लिए विभागों को कार्ययोजना

कलेक्टर ने राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर सभी विभागों को अपनी-अपनी साप्ताहिक कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग को गतिविधियां संचालित करनी होंगी। वर्तमान में शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर आयोजन करने को कहा गया है। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि इन आयोजनों का फोटो और वीडियो दस्तावेज के रूप में संधारित किया जाना अनिवार्य होगा। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत नगरीय निकायों को अनुपचारित जल प्रबंधन के लिए परियोजना प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने को कहा गया। वहीं 400 केवी डबल सर्किट पावरग्रिड रायपुर-पुल-धमतरी ट्रांसमिशन लाइन से प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी से विद्यार्थियों के स्थायी जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र बनाकर विद्यालयों में वितरण की योजना की प्रगति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए कि आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कर शीघ्रता से कार्यवाही करते हुए उन्हें तहसील कार्यालय भेजा जाए, ताकि सत्यापन के उपरांत प्रमाण पत्र तैयार किए जा सकें। इसके अतिरिक्त प्रत्येक स्कूलों में विद्यार्थियों के आधार कार्ड में बायोमेट्रिक अपडेट करने को भी कहा गया।

## समय-सीमा बैठक में विभागीय कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

### संदिग्ध राशनकार्डों का करें सत्यापन




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले में सिकल सेल की जांच संख्या में वृद्धि करने के निर्देश दिए गए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत बनाए गए संदिग्ध राशन कार्डों का भौतिक सत्यापन शीघ्र करने को कहा गया, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की तैयारियों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने धान उपार्जन हेतु पीडीएस बारदाना के संग्रहण और सुरक्षित रख-रखाव की स्थिति की जानकारी ली। इस पर संबंधित अधिकारी ने बताया कि बारदाना का संग्रहण समितियों द्वारा किया जा रहा है और वे इसे अपनी कस्टडी में सुरक्षित रूप से रख रहे हैं। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत होल्ड फॉर वेरिफिकेशन की श्रेणी में दर्ज हितग्राहियों का शीघ्र सत्यापन कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। उन्होंने कहा कि सत्यापन प्रक्रिया में विलंब होने से पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं, इसलिए संबंधित अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर सत्यापन कार्य पूर्ण करें, ताकि सभी पात्र महिलाओं को समय पर योजना का लाभ मिल सके। बैठक में सहायक कलेक्टर अभिजीत बबन पठारे, एडीएम अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह, नगर निगम दुर्ग आयुक्त सुमीत अग्रवाल, नगर निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा, नगर निगम भिलाई चरोदा आयुक्त दशरथ राजपूत, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, सिल्ली थॉमस, एसडीएम सोनल डेविड, महेश राजपूत एवं हितेश पिस्दा, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव सहित समस्त विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत पाटन के चौक-चौराहे हुये रोशन



दुर्ग। जिले के नगर पंचायत पाटन के चौक-चौराहे में प्रकाश की समुचित प्रबंध किये गये हैं। लोक निर्माण विभाग (विद्युत/यांत्रिकी) संभाग दुर्ग के कार्यपालन अभियंता से मिली जानकारी अनुसार पाटन नगर के आत्मानंद चौक से खोरपा मार्ग तक प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उक्त मार्ग में कुल 76 नग 9 मीटर आक्टैगनल पोल एवं 134 नग एलईडी लाईट लगाकर पाटन नगर के आत्मानंद चौक के अतंर्गत सीएसईबी ऑफिस के सामने से लेकर बाजार मार्ग से होते हुए खोरपा चौक तक प्रकाश व्यवस्था किया गया है। बाजार चौक में प्रकाश व्यवस्था हेतु शिफ्टिंग किये गये विद्युत पोल में एलईडी लाईट लगाकर प्रकाश का उचित व्यवस्था किया गया है। नगर के सभी स्ट्रीट लाईट सुचारू रूप से कार्य कर रहा है। आत्मानंद चौक से खोरपा मार्ग में किये गये विद्युतीकरण कार्य को विभाग द्वारा नगर पंचायत पाटन को हस्तांतरित कर दिया गया है।

## निधन

### एम वनवासी बेहरा



भिलाई। हाउसिंग बोर्ड कालोनी चरोदा निवासी एम वनवासी बेहरा का 76साल की उम्र में निधन हो गया। वे सेवानिवृत्त रेलवे कर्मी थे। वनवासी बेहरा रंजीत बेहरा के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार भाटापारा चरोदा मुक्तिधाम में किया गया।

### मीराबाई रामटेके



भिलाई। नेहरू नगर पूर्व रैश्ने आवास भिलाई निवासी मीराबाई रामटेके का 2 सितंबर मंगलवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रही थी। अंतिम यात्रा 3 सितंबर बुधवार को उनके निवास स्थान से सुबह 11 बजे विनोबा नगर परियापारा मुक्ति धाम सूर्या माल रोड भिलाई के लिए निकलेगी। मीरा बाई के पति भजन दास रामटेके और सचिन रामटेके की माता थी।

## संधारण कार्य : शाम तक पहुंचेगा सभी इलाकों में पानी, देर रात तक चली मरम्मत

# राइजिंग पाइन लाइन की मरम्मत पूरी सुबह से होगी शहर में पानी सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मालवीय नगर शक्ति नगर शंकर नगर सहित अन्य प्रमुख टंकियों को भरने वाली मुख्य पाइप लाइन जो कि बड़ी लिकेज होने के कारण पानी आपूर्ति में बाधक हो रही थी उनके सुधार करने मंगलवार नगर निगम के जल गृह विभाग द्वारा शट डाउन लेकर व्यापक तौर पर मरम्मत कार्य कराया गया। सोमवार देर रात चला। 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट के रॉ वाटर स्टोरेज संयत्र में भी जमे गाद व कचरे की भी सफाई किया गया साथ ही आज बोरसी टंकी में फूटे सप्लाई पाईप लाईन का भी सुधार कार्य किया गया।

मालवीय नगर में चल रहे मरम्मत कार्य व फिल्टर प्लांट में सफाई कार्य का निरीक्षण करने महापौर अल्का बाघमार स्वयं मौके पर पहुंची और अधिकारियो को शहर में पानी सप्लाई नार्मल करने हर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए इस दौरान

जलगृह विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन,वित्त विभाग और प्रभारी नरेंद्र बंजारे,लोककर्म विभाग प्रभारी देवनारायण चंद्राकर,स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल,पार्षद सावित्री दमाहे उप अभियंता विनोद मांझी,जल कार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर आदि उपस्थित रहे।



मालवीय नगर नाले में हुए बड़ी पाइप लाइन लिकेज सुधार कार्य व फिल्टर प्लांट में किए जा रहे संयंत्र सफाई



### बारिश की वजह से हो रही संधारण कार्य में दिक्कत

बारिश के चलते यह कार्य नही हो पा रहा था और इस वजह से पानी की आपूर्ति में आए दिन शिकायत आ रही थी। मौसम अनुकूल होते ही पूरी तैयारी के साथ जल विभाग के जानकार कर्मचारियों द्वारा रिपेयर कार्य चलाया गया साथ ही रायपुर नाका स्थित प्लांट में नदी इंटकवेल से आने वाले रॉ वाटर गाद व कचरा जमा हो गया था उनका भी सफाई कराया गया इसके अलावा बोरसी टंकी के सप्लाई लाइन जो की प्रदिप्ति नगर में कई जगह लीकेज था उनका भी रिपयेर किया गया। महापौर बाघमार ने अधिकारियो को निर्देश दिया है की शहर के अन्य क्षेत्र में जहा पाईप लाईन लिकेज है उन सभी का प्राथमिकता से सुधार कार्य चलाकर सुचारू रूप से पानी सप्लाई किया जाए।

### ये छह पानी टंकी से मिलेगा पेयजल

पिछले कुछ समय से मालवीय नगर शंकर नाला से होकर शक्ति नगर,हनुमान नगर शनिचरी बाजार,शंकर नगर गिरधारी नगर ट्रांसपोर्ट नगर जैसे कई बड़ी टंकीयो को भरने 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट से 6 सौ एमएम डाया का मुख्य पाईप लाईन बिछी है। मालवीय नगर शंकर नाला में फूट गया था जिसके कारण उक्त टंकियों में क्षमता से तथा समय पर पानी नही भर पा रहा था इसका असर पदमनाभपुर जैसे अन्य टंकियों में भी पड़ता था।

## राज्य के अधिकारियों ने 10 कृषि केंद्रों में दी दबिश



कृषि केंद्रों का निरीक्षण करते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

खरीफ 2025 में जिले के कृषकों के मांग अनुरूप पर्याप्त मात्रा में उच्च गुणवत्तायुक्त आदान सामग्री यथा- उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिये कृषि विभाग द्वारा सघन अभियान चलाते हुए जिले के निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में उर्वरकों की सतत आपूर्ति के लिए जिले के विक्रय प्रतिष्ठानों का मंगलवार को राज्य स्तर से अपर संचालक कृषि आरके चंद्रवंशी एवं संयुक्त संचालक कृषि गोपिका गबेल, जिले के भ्रमण पर रहे। भ्रमण के दौरान जिले में पदस्थ समस्त उर्वरक निरीक्षकों को विक्रय प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण करने एवं अनियमितताएं पाये जाने पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। अपर संचालक कृषि चंद्रवंशी एवं संयुक्त संचालक कृषि गबेल एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा विकासखण्ड-दुर्ग के सेवा सहकारी समिति अण्डा का निरीक्षण किया गया। नवनिर्मित क्षेत्रीय कृषि प्रसार एवं प्रशिक्षण संस्थान रुआबांधा, दुर्ग के प्रशिक्षण हाल एवं कृषक छात्रावास एवं मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला रुआबांधा का भी निरीक्षण किया गया।

### इन कृषि केंद्रों पर पहुंचे अधिकारी

विकासखंड दुर्ग के क्षेत्रीय उर्वरक निरीक्षक द्वारा सेवा सहकारी समिति मचांदूर, चंद्राकर ट्रेडर्स मचांदूर, चिराग कृषि केन्द्र घुघसीडीह, का निरीक्षण किया गया जिसमें सेवा सहकारी समिति मचांदूर में उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के तहत पीओएस स्कंध एवं भौतिक स्कंध में अंतर पाये जाने के कारण, कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिले के कुल 10 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के अंतर्गत अनियमितता पाये जाने वाले 6 प्रतिष्ठानों में नियमानुसार कार्यवाही की गई।

## महिला उद्यमियों को जोड़ने बेसलाइन स्टडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

महिलाओं के सपनों को अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से जिला इनक्यूबेशन हब में एक दिवसीय बेसलाइन स्टडी का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दुर्ग प्रशासन, टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज इनक्यूब फाउंडेशन तथा कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन ट्रेडर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

इस विशेष आयोजन में स्थानीय महिला उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। लगभग 80 महिलाएँ की 8 स्व-सहायता समूहों तथा 12 व्यक्तिगत महिला उद्यमियों ने पूरे दिन गहन संवाद और विचार-विमर्श में हिस्सा लिया। इस संवाद का उद्देश्य महिलाओं की वास्तविक चुनौतियों, जमीनी हकीकतों और उनके सामने आने वाली उद्यमशील कठिनाइयों को समझना तथा उन्हें अवसरों से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त करना था। दिनभर चलने वाले इस आयोजन को कई समाजसेवियों और प्रेरक हस्तियों की उपस्थिति ने और भी ऊर्जा प्रदान की। इनमें एडीके मेकर्स प्रा. लि. के संस्थापक एवं जिला इनक्यूबेशन हब के अग्रणी इनक्यूबी राहुल धिंगरा, गुरुग्राम की समाजसेवी रंजना यादव, दुर्ग की कंचन सिंह और आगा खान सोशल वेलफेयर बोर्ड की चेयरपर्सन अमीना हीरानी शामिल है।




### महिलाओं के सपनों को अवसरों से जोड़ा

महिलाओं के व्यावसायिक विचारों को इनोवेशन आधारित मॉडल में बदलने में सहयोग। आधुनिक तकनीक, डिजाइन थिंकिंग और डिजिटल टूल्स से महिला उद्यमियों को प्रशिक्षित करना। उनके उत्पादों और सेवाओं को नए बाजारों तक पहुँचाने के लिए नेटवर्किंग और ब्रांडिंग सपोर्ट। वित्तीय प्रबंधन और निवेश तक पहुँच दिलाने में मार्गदर्शन। इस तरह एडीके मेकर्स महिलाओं के उद्यम को स्थानीय से वैश्विक स्तर तक ले जाने में एक मजबूत हस्तक्षेप कर सकता है। महिला उद्यमियों ने भी अपने अनुभव और कठिनाइयाँ साझा करते हुए कार्यक्रम को सार्थक बनाया। कई महिलाओं ने यह स्वीकार किया कि वे लंबे समय से छोटे व्यवसायों को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही थीं, लेकिन संसाधनों और मार्गदर्शन की कमी के कारण ठहराव महसूस कर रही थीं। यह आयोजन उनके लिए नए विचार, संपर्क और हौसला लेकर आया। कार्यक्रम का समापन जिला इनक्यूबेशन हब के प्रोग्राम मैनेजर समीरन मित्रा के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि महिला उद्यमियों को दीर्घकालिक अवसरों से जोड़ने की यात्रा का आरंभ है। इस आयोजन ने यह स्पष्ट किया कि जब महिलाओं के सपनों को अवसरों से जोड़ा जाता है।

## हर दिन हर घर आयुर्वेद' थीम पर जागरुकता कार्यक्रम प्रारंभ



दुर्ग। छग राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. दिनेश चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में आयुष विभाग दुर्ग द्वारा 1 से 21 सितम्बर तक 'हर दिन हर घर आयुर्वेद' थीम पर विविध आयुर्वेदिक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान की शुरुआत भगवान श्रीधन्वंतरी की पूजा-अर्चना से की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पाम्पलेट वितरण कर आगामी 21 दिनों तक चलने वाले आयुर्वेद संबंधी आयोजनों की जानकारी दी गई। आज जागरूकता रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से आम जनता को आयुर्वेद के महत्व और उपयोगिता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु टीम बनाकर कार्य किया जा रहा है, जो विभिन्न संस्थाओं और समुदायों में पहुंचकर कार्यक्रम संचालन सुनिश्चित कर रही है।

### देशी-विदेशी मदिरा अहाता अनुज्ञप्तियों के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया

दुर्ग। जिले की वर्ष 2025-26 की शेष अवधि एवं वर्ष 2026-27 के लिए व्यवस्थापन से शेष रही देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के अहाता अनुज्ञप्तियों के लिए प्रक्रिया ऑनलाईन होगी। इच्छुक आवेदक ऑनलाईन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त सीआर साहू से मिली जानकारी के अनुसार इस आमंत्रण के अंतर्गत समूह क्रमांक 32 अहिवारा से संलग्न एफ.एल. -1 (ख-कम्पोजिट अहाता) अहिवारा शामिल हैं। निविदा जमा करने की तिथि 4 सितंबर को प्रातः 10.30 बजे से प्रारंभ होगी, जो 24 घंटे और सप्ताह के सभी सातों दिन अनवरत जारी रहेगी। आवेदक पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। लाइसेंस का आवंटन छत्तीसगढ आबकारी अधिनियम, 1915 एवं इसके अधीन बनाए गए छत्तीसगढ आबकारी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम, 2018 (संशोधित) के अंतर्गत किया जाएगा। यह प्रक्रिया ऑनलाईन माध्यम से 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर निष्पादित की जाएगी। अनुज्ञप्तियों की वैधता वित्तीय वर्ष 2025-26 की शेष अवधि एवं वर्ष 2026-27 तक होगी।

## स्कूलों में हो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, महतारी सदन का निर्माण उपयुक्त स्थान पर हो

# डबल लॉक में उपलब्ध यूरिया खाद किसानों को वितरित कराएं : राठौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

संभागायुक्त एसएन राठौर ने मंगलवार को संभाग कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा यूरिया खाद की मांग को ध्यान में रखते हुए संभाग अंतर्गत जिलों के डबल लॉक में उपलब्ध यूरिया खाद सहकारी समितियों के माध्यम से मांग के आधार पर किसानों को वितरण कराई जाए। उन्होंने संयुक्त संचालक कृषि को विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निजी उर्वरक दुकानों के सतत निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। साथ ही यूरिया खाद की बिक्री निर्धारित दर से अधिक ना हो इस पर विशेष ध्यान देने कहा। अनियमितता पाए जाने पर जब्त खाद को भी समय पर किसानों को वितरित कराया जाए।

राठौर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण पश्चात स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था हो गई है। शिक्षक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान देवे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संयुक्त संचालक शिक्षा को गैर-शिक्षकीय कार्यों के लिए शिक्षकों का संलग्नीकरण अन्यंत्र कार्यालयों में नहीं करने के निर्देश दिए। शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में मादक पदार्थों की बिक्री आदि न हो यह सुनिश्चित किया जाए। नव प्रवेशी



### जिला ग्रंथालय में हो बेहतर व्यवस्था

राठौर ने जेआरडी स्कूल के पास स्थित जिला ग्रंथालय में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने संयुक्त संचालक शिक्षा को निर्देशित किया। उन्होंने आरईएस द्वारा ग्राम पंचायतों में बनाए जा रहे महतारी सदन की जानकारी लेते हुए कहा कि महतारी सदन का निर्माण उपर्युक्त स्थान पर हो, जहां गांव की महिलाएं आ-जा सके। राठौर ने अधीक्षण अभियंता जल संसाधन से संभाग के जलाशयों में जल भराव की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में फसल सिंचाई हेतु किसानों की मांग है, वहां नहरों से पानी छोड़ा जाए।

### नशामुक्ति के लिए जनजागरुकता रैली

संभागायुक्त राठौर ने मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए शहरों के अलावा गांवों में भी जन-जागरूकता रैलियां आयोजित करने कहा। शहरी क्षेत्रों में यह रैली नियमित हो, जिसमें आईटीआई, पॉलिटेक्निक, स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों को शामिल किया जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन के महत्वपूर्ण संकेतकों तथा शत-प्रतिशत एफएचटीसी प्राप्त करने वाले पंचायतों-ग्रामों की प्रगति की जानकारी ली। पीएचई विभाग के अधिकारी ने बताया कि मिशन अंतर्गत कार्य पूर्ण होने पर 797 गांवों को योजना हैंड ओवर कर दी गई है। इसी प्रकार 2900 गांवों में पेयजल सप्लाई किया जा रहा है। इन गांवों को हैंड ओवर नहीं किया गया है। सहकारिता विभाग के संयुक्त पंजीयक ने अवगत कराया कि पंचायतों को एक प्राथमिक सहकारी समिति से जोड़ने का कार्य प्रगतिरत है। संभाग के कुल 2 हजार 444 ग्राम पंचायतों में से 1109 ग्राम पंचायतों को समितियों द्वारा कव्हर किया गया है। इन पंचायतों में दुग्ध, मत्स्य एवं वनोपज समितियों के गठन को प्राथमिकता दी गई है। संभागायुक्त राठौर ने सीजीएमएससी द्वारा निर्मित भवनों की जानकारी ली और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने समय-सीमा के लंबित प्रकरणों पर की गई विभागीय कार्यवाही की भी समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त राजस्व पद्मुलाल यादव, उपायुक्त विकास संतोष ठाकुर सहित समस्त विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## शिक्षा के क्षेत्र में अन्य समाज के बच्चों को प्रोत्साहित कर रहा कुर्मी समाज



सेलूद। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज पाटन राज महिला कार्यकारिणी द्वारा तीजा मिलन एवं विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत पाटन उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा ने अपने पिता स्वर्गीय थान सिंह वर्मा माता स्वर्गीय चंदा वर्मा की स्मृति में केसरा स्कूल मे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्या यादव और 12वीं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विधि सिन्हा को प्रतीक चिन्ह और 7500 नगद राशि साथ ही दसवीं में द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण मनीषा निषाद और 12वीं में द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण सरिता और नेहा साहू को 5000 नगद और प्रतीक चिन्ह मुख्य अतिथि पूर्व राज्य सभा सांसद छाया वर्मा, विशेष अतिथि राजेश्वरी वर्मा, जयश्री वर्मा, युगल आडिल, सुनीता वर्मा आदि मौजूद थे।


### आम सूचना

मैं अपने पक्षकारा श्रीमती तेनुजा भण्डारी उम्र 41 वर्ष, पिता श्री मेघकरण, पति श्री योगेश्वर कुमार भण्डारी, निवासी ग्राम बरगाही, पोष्ट डिलापहरी, जिला राजनांदगाँव,छ.ग. से प्राप्त अधिकार व उनके द्वारा दिये गये निर्देशानुसार सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मौजा ग्राम उमरपोटी, प.ह.नं. 42, रा.नि.मं. अण्डा, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 970/3 रकबा 0.2500हे, वर्तमान राजस्व अभिलेख अनुसार मेरे पक्षकार के पिता मेघकरण पिता घनश्याम जाति सतनामी निवासी उमरपोटी के नाम पर भूमि स्वामी हक में नाम दर्ज है। यह कि मेरे पक्षकार को विश्वस्त सुत्रों से यह जानकारी मिली है, कि वर्तमान में मेरे पक्षकार के पिता मेघकरण पिता घनश्याम द्वारा उपरोक्त वर्णित कृषि जमीन को नेहरू नगर भिलाई निवासी किसी व्यक्ति के पास बिक्री करने का पक्का सौदा तय कर लिया गया है, और बयाना बतौर राशि क्रेता से प्राप्त कर लिया है। यह कि वास्तविकता में सत्य कथन यह है, कि उपरोक्त वर्णित जमीन पूर्व में मेरे पक्षकार के दादा घनश्याम पिता केशो निवासी उमरपोटी के नाम पर दर्ज था, जो कि वर्णित जमीन को मेरे पक्षकारा के पिता मेघकरण को उनके भाई व बहन से आपसी बंटवारा से प्राप्त हुआ है, इस प्रकार से कहने का तात्पर्य यह है, कि वर्णित जमीन पैतृक जमीन है जिसमें मेरे पक्षकार का व उसके अन्य भाई व बहन का हक, अधिकार व हिस्सा निहित है, वर्णित जमीन पैतृक होने के संबंध में मेरे पक्षकारा के पास दस्तावेज सुरक्षित रखा हुआ है, जिसे मेरे पक्षकारा के पिता ने पैतृक जमीन होना जानते हुये भी मेरे पक्षकारा व परिवार के सदस्यों को बिना जानकारी दिये व बिना सहमति के बिकी करने का एक अकेला सौदा तय कर लिया गया है, और बयाना भी प्राप्त कर चुका है, जो कि मेरे पक्षकार के पिता द्वारा किया जा रहे उपरोक्त कृत्य अवैधानिक है। अतः सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि कोई भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय अशासकीय संस्था, निजी निकाय, रिश्ते नातेदार, इत्यादि वर्णित पैतृक जमीन के संव्यवहार के संबध में किसी प्रकार से क्रय-विक्रय न करें, अन्यथा इसके बाद भी वर्णित पैतृक जमीन को कय विक्रय किया जाता है तो संपूर्ण जवाब दारी विक्रेता व क्रेता की होगी और होने वाले संपूर्ण खर्चे हर्जे के नुकसानी के देनदार स्वयं क्रेता व विक्रेता रहेंगें, और न्यायालयिन कार्यवाही मेरे पक्षकार द्वारा की जावेगी। सो सूचना जाने व शीघ्र अमल में लावें
स्थान दुर्ग
दिनांक 2/09/2025

बलराम सिंह वर्मा अधिवक्ता
तहसील परिसर दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9300665251

**खबर संक्षेप**



### दिवंगत पूर्व उपसरपंच सरपंच के आश्रित को दी आर्थिक सहायता

**सेलूद।** ग्राम पंचायत देवादा के पूर्व उपसरपंच नकुल साहू के निधन से ग्रामवासियों में शोक है। ग्राम सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने उनके निवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान सरपंच ने शोकाकुल परिवार को ढाढ़स बंधाते हुए 5,000 की आर्थिक सहायता राशि एवं 1 कट्टा चावल प्रदान किया। सरपंच श्रीमती वर्मा गांव में हर जरूरतमंद परिवार को शोक कार्यक्रम में 5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता साथ ही मांगलिक कार्यों में भी आर्थिक सहायता और चांवल का सहयोग करती है। इस दौरान दिवंगत की पत्नि कुमारी साहू, पुत्र महेंद्र साहू, नीलू वर्मा सहित परिजन उपस्थित थे।

### सराही गई लोककला मंच हरेली की प्रस्तुति



**पाटन ।** न्यू त्रिदेव स्टार ग्रुप समिति गुड़ी चौक तेलीगुंडरा के द्वारा श्री गणेश की भव्य मूर्ति स्थापित की गई है। रविवार को रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी लोककला मंच हरेली की शानदार प्रस्तुति हुई। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रतिनिधि अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग,नोमिन ठाकुर सदस्य जिला पंचायत,दिनेश साहू सदस्य जनपद पंचायत पाटन,राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, मनीष पटेल पूर्व सरपंच,चंद्रसेन साहू उपसरपंच रेखराम साहू,छबिराम साहू ने लम्बोदर भगवान,छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना पश्चात की। सभी अतिथियों ने ग्रामवासी को श्री गणेश महापर्व की बधाई प्रेषित करते हुए सभी की सुख,समृद्धि खुशहाली की मंगलकामना की। इस अवसर पर अंकित साहू,प्रेमप्रकाश पटेल,मिकेश ठाकुर,सौरभ ठाकुर,भुपेन्द्र ठाकुर,लक्ष्मीनारायण पटेल राजू,जितेन्द्र साहू,अनिल साहू,रूपराम साहू,सतीष ठाकुर,राहुल ठाकुर,गगन पटेल,रितेश पटेल और भास्कर पटेल आदि शामिल थे।

# व्यवसायिक परिसर के आवंटन को लेकर कांग्रेस-भाजपा में ठनी

## कांग्रेस ने लगाया आवंटन में भ्रष्टाचार का आरोप, रोक लगाने उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸|पाटन

पाटन नगर पंचायत के नए बस स्टैंड में निर्मित व्यवसायिक परिसर के आवंटन को लेकर विवाद गहरा गया है। कांग्रेसी पार्षदों का आरोप है कि बिना अनुमति के बीजेपी ने अवैध रूप से आवंटन करवा दिया है। ऐसे में सभी कांग्रेसी पार्षदों ने नगर पंचायत को घेर लिया। कांग्रेस पार्षद ने आरोप लगाया कि नगर पचायत ने नियम-क़ायदे को दरकिनार कर अवैध आवंटन किया है। कांग्रेसी पार्षदों के मुताबिक आवंटन की प्रक्रिया न तो पारदर्शी रही और न ही इसका कोई सार्वजनिक नोटिस जारी किया गया। इससे आम नागरिकों और व्यवसायियों में आक्रोश व्याप्त है।

कांग्रेसी पार्षदों के अनुसार, संबंधित भूमि अभी भी शासन के नाम पर दर्ज है, बावजूद इसके नगर पंचायत के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया गुप्त रूप से चलाई जा रही है। कांग्रेसी पार्षदों का आरोप है कि प्रत्येक आवंटन के बदले में डेढ़ लाख से दो लाख रुपए तक की वसूली की जा रही है। कांग्रेस पार्षदों ने मांग की है कि दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया सार्वजनिक रूप से, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से की जाए ताकि गरीब और वास्तविक जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके।



### आबंटन नहीं रोका गया तो करेंगे आंदोलन : नेता प्रतिपक्ष दुबे

नगर पचायत पाटन नेता प्रतिपक्ष आभास दुबे का स्पष्ट आरोप है कि परिसर में आवंटन के नाम पर एक से दो लाख रुपए की वसूली की जा रही है। जिसका पाटन सीएमओ के पास कोई जवाब नहीं है । श्री दुबे का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री शासन काल में इस दुकान को बनाया गया था इससे नगर पंचायत की आय बढ़ेगी लेकिन अब जिस हिसाब से इसे बांटने की तैयारी कर रही है। इसमें अनियमितता बरती जा रही है। अगर इसे रोका नहीं गया तो हम सब मिलकर एक बड़ा आंदोलन करेंगे जिसकी जवाबदारी सरकार की होगी।

### कलेक्टर के आदेश के बिना नहीं होगा आवंटनः एसडीएम

पाटन एसडीएम लवकेश कुमार ध्रुव ने कहा कि अभी आवंटन जैसी कोई बात नही है। बिना टेंडर के किसी को आबंटित नही किया जा सकता है और कलेक्टर के आदेश के बिना आवंटन नहीं होगा।

### पार्षद सहित आम जनता उतरी सड़क पर

# मिडिल कट को बंद करने से नाराज लोगों ने जताया विरोध

## हादसा रोकने की पहल पर जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸|कुम्हारी

राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर जंजगिरी से कुम्हारी टोल प्लाजा तक बने डिवाइडरों के बीच सड़क पार करने वाले लोगों के लिए बनाए गए मिडिल कट को बंद करने का स्थानीय लोगों ने मंगलवार को जमकर विरोध किया। विरोध को देखते हुए नेशनल हाईवे के कर्मचारियों को काम रोकना पड़ गया।

खारुन ग्रीन्स हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सामने वाले मिडिल कट को लेकर कॉलोनीवासियों का कहना था कि सड़क के उस तरफ तमाम स्कूल और कॉलेज हैं इसे बंद करने से छात्र छत्राओं को मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है इसके लिए उन्हें दोनों ओर कम से कम 3 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ेगा जो कि बेहद मुश्किल ही नही समय की बर्बादी भी है। वहीं इसके विरोध में वार्ड पार्षद प्रवीण राव भी मौके पर पहुंचकर वहां मौजूद अधिकारियों को समझाने का प्रयास किया। कॉलोनी में ही रहने वाली तृप्ति चन्द्राकर और स्मिता राघाटाटे सहित कॉलोनीवासियों ने इसे मानवीय दृष्टिकोण से गलत बताया उन्होंने कहा कि इससे स्कूल कॉलेज आने जाने वाले विद्यार्थियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। यह घटना तब हुई जब भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कर्मचारी इन पैदल सड़क पार करने वाले मार्गों को बंद कर रहे थे। वहीं मौके पर मौजूद सब इंजीनियर जयंत वर्मा का कहना है कि ये जो मिडिल कट बने हुए है वे अवैध है इनकी वजह से अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं जिसे बंद करने के लिए कलेक्टर और एस पी का निर्देश है इसलिए इसे बंद किया जा रहा है इसे लोगों की सुरक्षा के लिए ही बंद किया जा रहा है।





वहीं नगरपालिका के सामने के मिडिल कट को बंद करने के विरोध में भी लोग सड़क पर आ गए और डिवाइडर के ऊपर चढ़कर विरोध करने लगे। लोगों का कहना था कि सड़क के उसपार कई गाँव हैं जिनका व्यावसायिक केंद्र कुम्हारी है साथ ही स्कूल से लेकर हर छोटे बड़े कार्य के लिए कुम्हारी बाजार आना पड़ता है अगर इन रास्तों को बंद कर दिया जाता है, तो पैदल यात्रियों को सड़क पार करने के लिए दूर तक कोई यू-टर्न या कट नहीं मिलेगा। जजंगिरी से लेकर स्टेशन चौक और फिर टोल प्लाजा से ही रास्ता मिल पायेगा। इस वजह से उन्हें अपनी जान जोखिम में डालकर हाईवे पार करना पड़ सकता है, या फिर उन्हें एक लंबा चक्कर लगाना पड़ेगा, जिससे लोगों की समय और परेशानी दोनों बढ़ेगी।

### किरण को सम्मानित किया कुर्मी समाज ने



**पाटन।** पाटन राज मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज महिला प्रकोष्ठ के द्वारा कुर्मी भवन में तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में समाज के बहु प्रशिक्षित प्रतिभा के संपन्न महिलाओं एवं युवतियों का सम्मान भी किया गया। इसी कड़ी में पाटन में पर्ल ब्यूटी पार्लर के संचालिका किरण बंछोर का भी सम्मान अतिथियों के द्वारा किया गया । बता दे की किरण बंछोर ब्यूटी पार्लर ,मेहंदी एवं सिलाई सहित अन्य विधाओं में खुद महारत हासिल है वहीं अब वह अन्य यूवतियों एवं महिलाओं को ट्रेनिंग देकर के उन्हें रोजगार से भी जोड़ रही है।

**बिजनेस साइट**

### सीसीईटी भिलाई में पोक्सो अधिनियम पर हुआ जागरुकता व्याख्यान

**भिलाई।** क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी भिलाई में 'महिला प्रकोष्ठ' के तत्वावधान में पोक्सो अधिनियम पर एक जागरुकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता उमा भारती साहू मुख्य अतिथि एवं वक्ता रहीं, जिन्होंने विषय पर मूल्यवान जानकारियां साझा कीं और बाल संरक्षण कानूनों के महत्व पर प्रभावशाली एवं रोचक व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शोभा कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ. फादर पीएस वर्गीस, उप-प्राचार्य डॉ. अर्चना चौधरी, सभी विभागाध्यक्षों एवं संकाय सदस्यों की उपस्थिति से बढ़ी। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे वातावरण जीवंत एवं संवादात्मक बन गया। प्रश्नोत्तर सत्र विशेष रूप से रोचक रहा, जिसने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया और अधिनियम के विभिन्न पहलुओं पर स्पष्टता प्रदान की। कार्यक्रम का सफल संचालन महिला प्रकोष्ठ द्वारा किया गया तथा यह जागरुकता एवं संवेदनशीलता फैलाने के उद्देश्य में पूर्णतः सफल रहा।



### राष्ट्रीय खेल सम्मान समारोह में शैलदेवी कॉलेज की छात्रा का सम्मान

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में आयोजित राष्ट्रीय खेल सम्मान समारोह में शैलदेवी महाविद्यालय अंडा की छात्रा पूनम देशमुख को महिला शतरंज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा पूनम देशमुख को सम्मानित किया गया। मंत्री ने कहा कि ऐसी प्रतिभाएं प्रदेश और विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाती हैं तथा छात्र-छात्राओं को खेल के क्षेत्र में नई ऊर्जा प्रदान करती हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, खेल प्रशिक्षक, प्राध्यापकगण, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। चेयरमेन राजन कुमार दुबे सहित महाविद्यालय परिवार ने पूनम देशमुख की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।



### जीवन को संकट में मत डालिए : डॉ. अग्रवाल

भिलाई। इसे नजर अंदाज कर छणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए तुरंत खून की जाँच कराए। क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण रोग हैं। जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना, खुजली लाल होना, पेशाब में जलन या पीब आना, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग, हेपाटाइटिस, सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक), रुबेला या एच.आई.वी. रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग हैं सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रूसी, जोड़ो में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना, नाखूनो का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग हैं। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान हैं जैसेः शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि । ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं हैं। नीम हकिमो से सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्ननों थैरिपी पर आधारित केवल रस-रसायन में ही हैं। वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आईएसओ सर्टिफाईड सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एचसी अग्रवाल (एमडी) निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट) रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग में स्थित है।



# तीज मिलन में हुए पारंपरिक खेल, महिलाओं ने जीते इनाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸|सेलूद

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज द्वारा तीजा मिलन समारोह का आयोजन रविवार को कुर्मी भवन पाटन में युगल आडिल राजप्रधान मनवा कुर्मी समाज पाटन राज के संयोजन में किया गया। मुख्य अतिथि छाया वर्मा पूर्व राज्य सभा सांसद थी। अध्यक्षता रंजना वर्मा महिला अध्यक्ष कुर्मी समाज पाटन राज ने की। अतिविशिष्ट अतिथि सत्यभामा परगनिहा राजप्रधान धमधा राज, सुनीता वर्मा राजप्रधान बलौदाबाजार राज, विशेष अतिथि जयश्री वर्मा, संरक्षक महिला कार्यकारिणी पाटन राज एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य दुर्ग, राजेश्वरी वर्मा समाज सेविका सहित दसो राज के महिला प्रमुख उपस्थित रहे।

महिलाओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के खेलो का आयोजन किया गया जिसमें- तीज क्वीन का ताज सरस कश्यप (अखरा) प्रथम, दिव्या बंछोर (पाटन) द्वितीय और कामिनी धुरन्धर खोरपा तृतीय रहे। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम पुष्पा वर्मा अखरा, आलता प्रतियोगिता में प्रथम दिव्या बंछोर पाटन, द्वितीय दानेश्वरी कश्यप अखरा एवं व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम उर्वशी वर्मा देवादा द्वितीय तेजेश्वरी बंछोर अखरा सहित अन्य प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं में ऋचा वर्मा अमलेश्वर उद्घोषिका आकाशवाणी रायपुर, अर्चना धुरंधर रानीतराई थाना प्रभारी महिला थाना रायपुर, सीमा वर्मा अमलेश्वर अधिवक्ता, दिपाली वर्मा मटंग माड्यूलिंग एवं पत्रकारिता, छाया वर्मा परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास पाटन, शिक्षा के क्षेत्र में पुष्पा वर्मा,कृषि के क्षेत्र में प्रभा वर्मा पंदर को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न से अतिथियों ने सम्मानित किया। राजप्रधान युगल आडिल अपने संक्षिप्त उदबोधन में कहा कि यह तीजा मिलन का कार्यक्रम उन माताओं बहनों के लिए है जो अथक परिश्रम करके विपरीत परिस्थितियों में भी अपने बच्चो को पढ़ा लिखा कर शिक्षित एवं योग्य बनाते है। मुख्य अतिथि छाया वर्मा ने कहा कि पाटन राज की महिलाएं समाज के प्रति काफी जागरूक है जो सामाजिक संगठन में एकता का परिचायक है। कार्यक्रम का संचालन प्रभा वर्मा ने किया इस अवसर पर मुख्य रूप से रानी बंछोर, मीना वर्मा, हेमलता वर्मा, हीरादेवी वर्मा, संगीता धुरंधर, हुलसी वर्मा, सुषमा वर्मा, अमरीका वर्मा, मंजू वर्मा, राजेश्वरी वर्मा, केदार कश्यप राजमंत्री, राकेश आडिल युवाअध्यक्ष, कमलेश वर्मा जनपद उपाध्यक्ष, लीलाधर वर्मा, ललित बिजौरा,शंकर वर्मा, राजेश वर्मा, किशोर कुमार वर्मा, विपिन बंछोर आदि शामिल थे।



■ पाटन राज कुर्मी समाज का तीज मिलन समारोह हुआ पाटन में

### क्विज में कोकड़ी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸|अंडा

संकुल केंद्र कोडिया में क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें संकुल के तीनों माध्यमिक शाला के छात्र /छात्रा ने भाग लिया। जिसमें प्रथम कोकड़ी , द्वितीय कोड़िया और तृतीय भानपुरी रहे। ग्राम पंचायत कोडिया के सरपंच खुमान निषाद ने पुरस्कार वितरित करते हुए इस कार्यक्रम का सराहना की और ऐसी प्रतियोगिता आयोजित करने बच्चो को भी प्रेरित किया। सबंधित शिक्षक महावीर चंद्राकर, सुधा राय कोडिया और अंजू शर्मा (शिक्षक) भानपुरी ने भाग लिया। संकुल प्राचार्य नीलमणि उज्जवने के मार्गदर्शन में हुए आयोजन में निर्णायक हायर सेकेण्डरी स्कूल से हर्षा और प्रीति सलाम और मिडिल स्कूल कोड़िया के स्टाफ रश्मि मेहता के साथ समस्त स्टाफ का सहयोग मिला।

### तीज पर्व नारी शक्ति, प्रकृति व परंपरा का प्रतीक



**उतई।** ग्राम डुंडेरा में ग्रामीण स्तरीय तीज महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया,जिसमे ग्राम के सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पहुची। कार्यक्रम के मुख्यातिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे व विशेष अतिथि के रूप में ग्राम के सामाजिक महिला प्रकोष्ठ के प्रमुख शामिल हुए। कार्यक्रम आयोजक पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे थे।कार्यक्रम का संचालन आरती साहू ने की। मुख्यातिथि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने उपस्थित महिलाओं को तीज की बधाई देते हुए कहा कि तीज पर्व नारी शक्ति, प्रकृति और परंपरा का प्रतीक है उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से महिलाओं को न केवल सामाजिक जुड़ाव का अवसर मिलता है, बल्कि संस्कृति से जुड़ने का भी माध्यम बनता है। कार्यक्रम के आयोजक नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने कहा कि ग्राम के माताओं व बहनों को संस्कृति से जोड़ने अनुकरणीय पहल है।

### अंचल में गणेशोत्सव की धूम




**सेलूद ।** सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति पटेल चौक सेलूद।



**जामगांव आर ।** युवा श्री गणेशोत्सव समिति नयापारा बाजार चौक बटरेल।



**अंडा ।** नव युवक गणेश उत्सव समिति गुडी चौक आलबरस।



**जामगांव आर ।** कुम्हली में विराजित श्री गणेश।



**उतई ।** नवजागरण गणेश उत्सव समिति बस स्टैंड डुमरडीह उतई।



**उतई ।** मित्र मंडल गणेश उत्सव वार्ड क्र. 3 मिल पारा उतई।



**जामगांव आर ।** बाल गणेश उत्सव समिति आजाद चौक बटरेल।

# भिलाई के 17 तालाबों में मूर्ति विसर्जन प्रतिबंधित, अस्थाई कुंड निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई निगम ने शहर के 17 तालाबों में प्रतिमा विसर्जन पर रोक लगाई है। तालाबों के पास ही प्रतिमा विसर्जन के लिए एक अलग से कुंड बनाए जा रहे हैं जहां पर लोग भगवान गणेश की प्रतिमा विसर्जित कर सकेंगे। एनजीटी के निर्देश का पालन करते हुए निगम ने तालाबों को प्रदूषणमुक्त रखने के लिए यह पहल की है।

अलग खबर

## एनजीटी के निर्देश के तहत तालाबों को प्रदूषणमुक्त रखने की पहल

### इन तालाबों पर प्रतिमा विसर्जन पर रोक

आयुक्त राजीव पांडेय ने जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किए है कि तालाबों के गेट पर मूर्ति विसर्जन प्रतिबंधित है, प्रतिबंध के संबंध में बैनर पोस्टर लगाया जाए। जोन 1 अंतर्गत आला बंध तालाब खम्हरिया, स्मृति नगर तालाब, आमा तालाब, लिम्हा तालाब एवं भेलवा तालाब, जोन 2 अंतर्गत वार्ड 22 शीतला तालाब, ढौर तालाब, बड़ा तालाब, घासीदास नगर तालाब एवं वार्ड 16 शीतला तालाब, जोन 03 अंतर्गत वार्ड 55 सेक्टर 2 तालाब एवं वार्ड 32 बैकुण्ठधाम तालाब, जोन 04 अंतर्गत वार्ड 50 बाबा बालक नाथ सरोवर, वार्ड 43 बापू नगर तालाब एवं वार्ड 41 लक्ष्मण नगर तालाब, जोन 05 अंतर्गत वार्ड 69 मानव परिसर तालाब एवं वार्ड 66 सेक्टर 07 शिवधाम तालाब में मूर्ति विसर्जन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। प्रतिबंधित तालाबों को छोड़कर मूर्ति विसर्जन के लिए अलग से कुण्ड बनाया जाएगा। श्रद्धालु निगम द्वारा बनाए गए कुण्ड में ही मूर्ति विसर्जित करें और पूजा सामग्री तालाब में न डालें।



### पूजा सामग्री भी तालाब में न डालें

त्यौहारी सीजन लग चुका है। भिलाई शहर के मुख्य चौंक-चौराहों, गली-मोहल्लो में भगवान गणेश की प्रतिमा का स्थापना किया गया है। अक्सर देखा जाता है कि लोग तालाबों में भगवान की मूर्ति विसर्जित करने के साथ पूजा सामग्रीयों को तालाब में डाल देते है, जिसके कारण तालाब का पानी गंदा होने के साथ कचरा पानी के उपर बहकर किनारे पर आ जाता है। निगम आयुक्त ने पूजा सामग्री भी तालाब में न डालने की अपील लोगों से की है।

### प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त करने निर्देश

नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर अंतर्गत रामनगर मुक्तिधाम तालाब एवं कुरूद बस्ती के नाला की साफ-सफाई का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं जोन आयुक्त येशा लहरे द्वारा किया गया। निगम आयुक्त द्वारा निगम क्षेत्र के वार्डो, उद्यानों, तालाबों, सुलभ शौचालयों, बाजारों एवं अन्य जगहों का निरंतर भ्रमण किया जा रहा है। शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने लगातार निगम का अमला अपने-अपने क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के मुख्य मार्ग, मोहल्लो, उद्यानों में प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त किया जा रहा है। तालाबों में उगे जलकुम्भी की सफाई भी मशीनों एवं सफाई गैंग लगाकर कराया जा रहा है।

## कुंड में ही करें प्रतिमा विसर्जित विधायक रिकेश ने की अपील



**भिलाई।** अनंत चतुर्दशी का दिन सनातन धर्म में बहुत खास माना गया है। इसी दिन दिगंबर जैन धर्मावलंबियों का पर्यूषण पर्व समाप्त होता है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने क्षेत्र की सभी बड़ी छोटी पूजा समितियों से अपील की है कि अनंत चतुर्दशी 6 सितंबर के दिन ही गणेशजी की मूर्तियों का विसर्जन करें। उन्होंने कहा कि घर में विराजी छोटी मूर्तियों को नदी/तालाब ले जाने की बजाय अस्थायी पांड/कुंड में विसर्जित किया जाए। साथ ही पूजा सामग्री जैसे-फूल, वस्त्र, कागज एवं प्लास्टिक से बनी सजावट की वस्तुएं मूर्ति विसर्जन के पूर्व अलग कर इसका अपवहन उचित तरीके से करें, जिससे नदी या तालाब में प्रदूषण की स्थिति नियंत्रित हो सके। इससे एनजीटी की गाइडलाइन का पालन हो सकेगा।

## खबर संक्षेप



### शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को करें हासिल

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं रॉड मिल (बीआरएम) विभाग द्वारा संविदा श्रमिकों और उनके परिवारों को कार्यस्थल सुरक्षा यात्रा से जोड़ने के उद्देश्य से घर से घर तक नामक सुरक्षा संवाद श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत एचआरडीसी भूतल सभागार में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीआरएम के100 ठेका श्रमिक अपने परिजनों सहित शामिल हुए। मुख्य अतिथि व विभागाध्यक्ष व सीजीएम योगेश शास्त्री थे। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर सुरक्षा सर्वोपरि है और इसमें परिवारजनों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। लापरवाहियों से हुई दुर्घटनाओं को मिलकर रोकना होगा। यदि हम सभी एकजुट होकर प्रयास करें तो शून्य दुर्घटना' का लक्ष्य अवश्य प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर महाप्रबंधक सच्चिदानंद त्रिपाठी, महाप्रबंधक शाश्वत मोहंती एवं महाप्रबंधक समीर पाण्डेय, महाप्रबंधक आशीष तथा महाप्रबंधक शिखर तिवारी ने भी विचार व्यक्त किए। विभागीय सुरक्षा अधिकारी शशांक शर्मा ने सुरक्षा प्रश्नोत्तरी का संचालन किया। प्रश्नोत्तरी में विजेता रहीं ज्योति मिश्रा, रेणु, किरण, शीबा व अलीमा बेगम तथा बच्चों ईशान, धैर्य, पल्लवी और आयन को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार सोनी ने किया।

## असर : 805 एनएचएम कर्मी पिछले 15 दिनों से हैं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

# टीबी और एआईवी की नहीं मिल रही दवाएं अनट्रेंड नर्सिंग छात्राएं निकाल रही हैं ब्लड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला सहित सरकारी अस्पतालों में एनएचएम कर्मियों का पिछले 15 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल चल रही है। हड़ताल की वजह से अब स्वास्थ्य सेवाएं चरमराने लगी है। हाल यह है कि टीबी और एचआईवी के मरीजों को दवाएं नहीं मिल रही। पोषण पुनर्वास केंद्र बंद हो गया है। अप्रिशिक्षत नर्सिंग छात्राएं मरीजों का ब्लड सेंपल ले रही है। जिले में नेत्रदान महादान पखवाड़ा और शिशु संरक्षण माह चल रहा है। यह भी कार्यक्रम प्रभावित रहा। इसलिए कि टीकाकरण का काम करने वाले सर्वाधिक स्टॉफ एनएचएम कर्मी हैं।

### नर्सिंग छात्राओं के भरोसे ब्लड सेंपल

जिला अस्पताल में नर्सिंग छात्राओं के भरोसे ब्लड सैंपल का काम चल रहा है। मरीजों ने बताया कि इन छात्राओं को अनुभव नहीं है। एक व्यक्ति का ब्लड निकालने में ही उनके पसीने छूट जाते हैं। एक बार नहीं कई बार ट्राई करने के बाद बमुश्किल से हाथों की नस ढूढ़ पाती है। जिससे मरीजों को काफी दर्द झेलना पड़ता है। एक छात्राएं नहीं कर पाती तो दूसरी छात्राएं कोशिश करती है। इस तरह मरीजों पर प्रयोग हो रहे हैं। इस विभाग में आधा दर्जन एनएचएम हैं जो इस कार्य को पहले करती थी

### पोषण पुनर्वास केंद्र में लटका है ताला





**केस 3**

जिला पोषण पुर्नवास केंद्र में ताला लटका मिला। मरीज गैंदबाई ने बताया कि वह रानीतराई गांव से आई है। उनके बच्चे का कुपोषण का इलाज चल रहा है। यहां आने पर केंद्र में ताला लगा है। महिला स्वास्थ्य कर्मी बच्चे की जांच करते थे वे भी नहीं हैं। हड़ताल पर चले जाने की जानकारी यहां का स्टॉफ दे रहा है।

### हमर क्लीनिक हैं बंद

दुर्ग, भिलाई, फरीदनगर, पोटियाकला, राजीवनगर आदि के हमर क्लीनिक बंद हो गए हैं। इन क्लीनिकों में एनएचएम कर्मी अपनी सेवाएं देते थे। यहां गर्भवती महिलाएं जांच के लिए आती थी। बच्चों की भी जांच होती। इसके अलावा सीजनल बीमारियों की दवा के लिए भी लोग आते हैं।

### सिविल अस्पताल सुपेला में टीबी यूनिट बंद

सिविल अस्पताल सुपेला में टीबी यूनिट बंद मिला। यहां काउंसलिंग काउंटर में बैठी स्टॉफ ने बताया कि टीबी यूनिट इसलिए बंद हैं कि एनएचएम कर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। टीबी की दवा वितरण की वैकल्पिक इंतजाम किया गया है। वहां से दवा ले सकते हैं।

### इन उदाहरणों से समझिए स्वास्थ्य सेवाओं का हाल

**केस 1**



जिला अस्पताल में शक्तिनगर निवासी मीरा निषाद मंगलवार को टीबी की दवाई के लिए आई। वे बताती हैं कि तीन महीने से टीबी की दवाई चल रही है। दवाई खत्म हो गई है। दूसरी बार यहां आई है लेकिन हड़ताल की वजह से टीबी की दवाई नहीं मिल रही है। आज भी बिना दवा के जाना पड़ रहा है।

**केस 2**



जिला अस्पताल में मंचादुर निवासी नंदिनी सेन अपने पति राकेश सेन मंगलवार को पहुंची थी। मरीज राकेश बताते हैं कि पेट में पानी भर गया था। आपरेशन करके पेट से पानी निकाला गया था। दवाई खत्म हो गई है। कक्ष क्रमांक 11 में जांच के लिए आए थे। यहां कोई नहीं है। इतनी दूर से आकर बिना इलाज के लौटेंगे।

**एक्सपर्ट ब्यू**

### ड्रग रजिस्ट्रेंस डेवलप होगा, दवा नहीं होगी कारगर



टीबी, एचआईवी के मरीजों के लिए नियत समय पर दवाएं मिलनी चाहिए। नहीं तो ड्रग रजिस्ट्रेंस का खतरा बढ़ जाता है। जिससे दवाएं बाद में काम नहीं कर पाती। ऐसे मरीजों से दूसरों में टीबी फैलने का जोखिम बढ़ेगा। कुपोषित बच्चों का समय पर पोषण आहार नहीं मिला तो वे जल्दी सुपोषित नहीं हो पाएंगे। बच्चों को बूस्टर नहीं लगा तो बीमारी से लड़ने की क्षमता प्रभावित होगी। स्वास्थ्य चूंकि मूलभूत सेवाओं में से हैं इसलिए सरकार को ऐसी इमरजेंसी में सेकंड लाइन तैयार कर रखने की जरूरत है ताकि स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित न हो।

डॉ. अनिल अग्रवाल, सेवानिवृत्त मेडिकल आफिसर

### वैकल्पिक व्यवस्था पर चल रहे

एनएचएम कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने की वजह से स्टॉफ में कमी आई है। इसलिए स्वास्थ्य सेवाएं कहीं कहीं प्रभावित हो रही हे। वैकल्पिक इंतजाम के तहत उनकी जगह रेगुलर स्टॉफ काम कर रहे हैं। टीकाकरण पूरी तरह चल रहा है। टीबी दवा वितरण व जांच की व्यवस्था भी दी है।

**डॉ. एके मिंज,**
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

## व्याख्याताओं, प्रधान पाठकों को प्राचार्य पद पर पदोन्नति और पदस्थापना आदेश जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

व्याख्याता, व्याख्याता (एल.बी.) एवं प्रधान पाठक, पूर्व माध्यमिक शाला को प्राचार्य (टी संवर्ग), उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पद पर पदोन्नति हेतु छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर में पदोन्नति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक उपरांत 1335 पदोन्नति आदेश जारी किए गए। यह आदेश स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव से प्राप्त अनुमोदन के आधार पर जारी किया गया है।

काउंसिलिंग प्रक्रिया के माध्यम से पदस्थापना की स्थिति इस प्रकार रही - कुल 1335 पदोन्नत प्राचार्यों में से 1222 ने संस्था चयन कर पदस्थापना सुनिश्चित की। शेष 113 में से 20 पदोन्नत प्राचार्य काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहे, 20 ने पदोन्नति लेने से इंकार किया, 02 ने विद्यालय चयन से इंकार किया तथा 91 सेवानिवृत्त, मृत, निलंबित एवं अन्य श्रेणी में रहे। इस प्रकार कुल 1222 व्याख्याताओं, व्याख्याता (एल.बी.) एवं प्रधान पाठकों को प्राचार्य (टी संवर्ग), उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पद पर पदोन्नति उपरांत पदस्थापना आदेश जारी किए गए हैं।

इस पद स्थापना में पूर्ण पारदर्शिता का पालन किया गया। साय सरकार जीरो टॉलरेंस के लिए कटिबद्ध है। पात्र कर्मचारियों ने काउंसलिंग स्थल पर अपने स्थान का स्वयं चयन किया एवं चयन उपरांत उक्त स्थान पर अपनी पद स्थापना की सहमति प्रदान की।

# स्टॉप डैम वाली शासकीय भूमि पर अवैध पट्टा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा वार्ड 20 में स्टॉप डैम वाली शासकीय भूमि पर अवैध पट्टा निरस्त कर दिया गया। अब यहां तालाब का निर्माण करने का रास्ता साफ हो गया है। इसे लेकर पा,र्द समेत

- संभागायुक्त के न्यायालय ने लिया बड़ा फैसला

वार्ड के लोगों ने संभागीय आयुक्त के पास शिकायत किया था। पत्रकारवार्ता में पार्षद अपर्णा दास ने बताया कि वार्ड 20 पश्चिम में वर्ष 2022 से शासकीय भूमि खसरा नंबर 324/2 (पूर्व स्टॉप डैम क्षेत्र) पर तालाब निर्माण की मांग की जा रही थी। उस पर नियम विरुद्ध दिए गए पट्टे को संभागायुक्त न्यायालय द्वारा 29 अगस्त 2025 को निरस्त कर दिया है। यह फैसला



वार्डवासियों की ओर से न्यायालय में आवेदन पेश किया गया था। उसमें कहा गया था कि उक्त शासकीय भूमि जहां पहले स्टॉप डैम था, वहां पर पुनः तालाब निर्माण की मांग वर्ष 2022 से लगातार की जा रही थी। गर्मियों में पानी की बढ़ती किल्लत और भूजल स्तर में गिरावट को देखते हुए यह मांग जनहित में उठाई गई थी। 4 अप्रैल को वार्डवासियों को जानकारी मिली कि उक्त भूमि में से लगभग 3300 वर्गफुट का पट्टा कुट रचना कर नियमों के विरुद्ध संस्था को आवंटित कर दिया गया है। जबकि शुरुआती मांग किसी अन्य संस्था द्वारा की गई थी। पार्षद अपर्णा सुब्रतो दासगुप्ता के नेतृत्व में यह मुद्दा संभागायुक्त न्यायालय में उठाया गया। जिसके बाद सभी पक्षों को सुनने के उपरांत यह निर्णय फैसला दिया गया। इस दौरान विदेश राम पटेल, समीर चंद्रा, मोंटू विश्वास, रमेश चंद्र पांडे, डी.नारायण रेड्डी, दिलीप साहू, राजू सिन्हा, डी. राज शेखर रेड्डी, विश्वनाथ सिन्हा, सौमेंद्र मजूमदार, नामदेव, एम रघुनाथ राव, सुब्रतो दास गुप्ता मौजूद थे।

### तालाब का निर्माण जल्द करे

पार्षद अपर्णा सुब्रतो दासगुप्ता के मुताबिक फैसला वार्डवासियों के हक में आया है। पानी की समस्या को देखते हुए तालाब निर्माण अब आवश्यक है। यह भूमि अब फिर से उसी उद्धेश्य के लिए उपयोग की जानी चाहिए। जिसके लिए यह पहले निर्धारित थी। निगम प्रशासन, जिला कलेक्टर, विधायक, सांसद और राज्य सरकार से मांग करते हैं कि तालाब निर्माण का कार्य जल्द शुरू किया जाए। जमीन के लिए मांग करने वाली संस्था अलग थी, जबकि आवंटन दूसरी संस्था के नाम पर किया गया। आवंटित संस्था ने तीन वर्षों का ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं किया। खसरा विवरण अस्पष्ट था, न ही प्रकाशन में उचित उल्लेख किया गया। पूरे आवंटन में विधि और नियमों की अनदेखी की गई। इस कारण फैसला वार्ड के लोगों के पक्ष में रहा।

## मेडिकल टेक्नीशियन विभाग के संयोजक मनोज और उपसंयोजक नाग बने



**भिलाई।** सीटू के मेडिकल जोन के मेडिकल टेक्नोलजिस्ट का सम्मेलन संपन्न हुआ। अध्यक्षता अजय कुमार आर्या ने की। मेडिकल टेक्नीशियन विभाग में यूनियन के कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुति व चर्चा बाद रिपोर्ट को पारित किया गया । सम्मेलन में यूनियन के उपाध्यक्ष संतोष कुमार प्रुस्टी व मेडिकल जोन के सचिव संतोष कुमार भी उपस्थित थे। सम्मेलन में 5 सदस्यीय विभागीय समति चुनी गई। इसमें मनोज कुमार साह, केदारनाथ नाग, अजय आर्या, प्रकाश बोरकुटे, जितेंद्र कुमार, कौसर खान, अमित प्रकाश हैं। सम्मेलन अध्यक्ष ने सदस्यों से प्रस्तावित समिति पर राय के बाद सर्वसम्मति से विभागीय समिति चुनी गई। समिति के संयोजक मनोज कुमार साह व उपसंयोजक केदारनाथ नाग चुने गए।

## 12500 पौधे की देखभाल करेगा महिला समूह, दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

केन्द्र सरकार की अमृत मित्र 2.0 पहल के तहत वूमन फार ट्री योजना अंतर्गत नगरीय निकाय क्षेत्र की स्थानीय महिला स्व. सहायता समूहों के माध्यम से 12500 पौधो का रोपण कर रखरखाव कराए जाने के निर्देश प्राप्त हैं। नगर निगम भिलाई में 40 उद्यानों में वृक्षारोपण कराने निविदा आमंत्रित किया गया था। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने पश्चात कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। वर्तमान में 60 प्रतिशत वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 40 प्रतिशत वृक्षारोपण विधिवत कराने निगम सभागार में सभी महिला स्व-सहायता को प्रशिक्षण हेतु बुलाया गया। जिसमें समूह की महिलाओं को पौधो की प्रजाति, पौधो की दूरी, पानी, खाद, निंदाई-गुढाई एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के माध्यम से सभी प्रकार के समस्याओं से अवगत हुए और उसका निराकरण किया गया। आयुक्त से चर्चा कर बेहतर करने कार्य करने सलाह लिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, कार्यपालन अभियंता वेशराम आदि मौजूद रहे।

- वृक्षारोपण के लिए महिला स्व-सहायता समूहों को दिया प्रशिक्षण

## आज से नामांकन प्रक्रिया आरंभ, 2344 अफसर चुनेंगे अपने भाग्यविधाता

# बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन चुनाव के लिए सरगर्मी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों के संगठन आफिसर्स एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव के लिए चुनावी और सियासी सरगरमी शुरु हो गई है। नई कार्यकारिणी का चुनाव 19 सितंबर को होना है। इसके लिए कल बुधवार से नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है । इस बार ओए के सदस्यों की निगाहें अध्यक्ष पद पर टिकी हुई हैं। सबकी दिलचस्पी इसमें है कि क्या चार बार अध्यक्ष रह चुके एनके बंछोर क्या रिकार्ड पांचवीं दफा चुनाव लड़ेंगे या फिर इस पद पर कोई नया चेहरा सामने आएगा। अध्यक्ष के साथ महासचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव भी सीधे सदस्यों द्वारा होने से इन दोनों पदों के लिए प्रत्याशियों की तलाश शुरु हो गई है। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र सेल की सबसे बड़ी यूनिट होने के कारण यहां आफिसर्स एसोसिएशन के चुनाव पर पूरे सेल के साथ सेफी की नजर भी टिकी होती है। इसे देखते हुए



इस चुनाव में भी दावेदारों के साथ आम सदस्यों में इस चुनाव को लेकर भी उत्साह दिख रहा है। कल तीन सितंबर से नामांकन लेने की प्रक्रिया शुरु हो रही है और वर्क्स व नान वर्क्स में पिछली उपलब्धियों को देखते हुए निवृत्तमान अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर सहित महासचिव परविंदर सिंह व कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा को फिर से मौका दें या लंबित मुद्दों को लेकर इनकी जगह नए चेहरे लाए लाएं, इसे लेकर सदस्यों में अनौपचारिक ओपिनियन व मंथन शुरु हो गया है। बीएसपी व टाउनशिप के दफ्तरों में चुनाव को लेकर अधिकारियों में उत्साह है।

### मात्र 11 दिन मिलेंगे प्रचार के लिए

ओए चुनाव में इस बार 2 वर्षीय कार्यकाल के लिए 2344 बीएसपी अधिकारी सदस्य नई कार्यकारिणी का चुनाव करेंगे। इसमें अध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष का चुनाव सदस्य सीधे चुनेंगे जबकि दो उपाध्यक्ष 2 सचिव और एक सेफी नामिनी का चुनाव निर्वाचित 46 जेडल प्रतिनिधि करेंगे। लिहाजा जेडल प्रतिनिधियों के पदों के लिए भी प्रमुख पदों के दावेदारों व रणनीतिकारों ने अपने पक्ष में सियासी उठा-पटक शुरु कर दी है। नामांकन दाखिले की अंतिम तारीख 6 सितंबर है और वापसी 8 सितंबर तक है। स्कूटनी के बाद शाम 8 बजे तक प्रत्याशियों की सूची ओए आफिस प्रगति भवन के सूचना पटल पर चस्पा कर दी जाएगी। इस बार प्रत्याशियों को प्रचार के लिए मात्र 11 दिन ही मिलेंगे। 19 को मतदान व रात भिलाई क्लब में काउंटिंग बाद अलसुबह परिणाम के आसार हैं। चुनाव अधिकारी बीएसपी के जीएम जेएन ठाकुर, विकास चंद्रा व संदीप झा हैं।

### अब तक यह रहे अध्यक्ष व महासचिव

वर्ष 2001 से अब तक हुए दस चुनाव में सर्वाधिक चार दफा अध्यक्ष पद पर तुलाराम यादव व एनके बंछोर रह चुके हैं। यादव 1 व बंछोर 2 मर्तबा सेफी नामिनी भी रह चुके हैं। वर्ष 2001 से 03 तक अध्यक्ष लखनलाल, महासचिव आलोक झा व कोषाध्यक्ष श्रीकांत तामनकर, 03 से 05 में अध्यक्ष टीआर यादव, महा. पीसी नाहटा, कोष. डीएन करण और 05 से 07 तक अध्यक्ष टीआर यादव, महा. आलोक झा, कोष. एके पांडे रहे। 07 से 09 में अध्यक्ष टीआर, महा. आलोक झा व कोष. एके पांडे, 09 -11 में अध्यक्ष पीसी नाहटा, महा. केडी प्रसाद, कोष. आरपी भोई, 011-13 में अध्यक्ष टीआर, महा. एनके बंछोर, कोष. आरसी भोई, 013-15 में अध्यक्ष केडी प्रसाद महा. केके यादव व कोष. एके पांडे, 015-17 में अध्यक्ष एनके बंछोर,महा. शाहिद अहमद, कोष. अंकुर मिश्रा, 017 -21 में अध्यक्ष एनके बंछोर, महा. शाहिद अहमद, कोष. अंकुर मिश्रा, और वर्ष 2023 से 25 में अध्यक्ष एनके बंछोर महा. शाहिद अहमद व कोष, अंकुर मिश्रा रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com





स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 3 सितंबर 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

02



यूथ सिख सेवा समिति ने बच्चों का किया आर्थिक सहयोग

## दिन आठवां

### जीवन की लंबी दौड़ बड़ी छलांगों से नहीं बल्कि छोटे और सधे हुए कदमों से जीती जाती है

भिलाई। जीवन की बड़ी मंज़िलें एक-एक छोटे कदम से तय होती हैं। कोई भी यात्रा तुरंत पूरी नहीं होती, हर कदम हमें लक्ष्य के करीब ले जाता है। जीवन में यह सीख भगवान गणेश के छोटे पैर हमें यह गहरी शिक्षा देते हैं। डॉ अजय आर्य बताते है कि बुद्धिमान व्यक्ति एक-एक कदम साधकर चलता है, वही संतुलन बनाता है और अंततः मंज़िल तक पहुँचता है। आज के तेज़ रफ़्तार जीवन में लोग जल्दबाज़ी में सब कुछ पाना चाहते हैं। परंतु प्रबंधन का यही नियम है कि छोटे-छोटे, निरंतर सुधार ही सबसे बड़ी सफलता लाते हैं। जैसे व्यवसाय में हर दिन की थोड़ी प्रगति सालभर में बड़ा लाभ देती है, वैसे ही शिक्षा, संबंध और आध्यात्मिकता भी छोटे-छोटे कदमों से ही फलित होते हैं। निरंतरता तीव्रता से कहीं अधिक प्रभावी होती है। गणेशजी ने वेद और शास्त्रों का अध्ययन स्मरण शक्ति और अभ्यास से ही किया। इससे यह संदेश मिलता है कि ज्ञान और विद्या का फल एक ही बार में नहीं, बल्कि नियमित साधना और धैर्य से प्राप्त होता है। हर छोटा प्रयास एक बड़ी सफलता की सीढ़ी है। जल्दी पाने की चिंता मत करो, बल्कि निरंतरता बनाए रखो। गणेशोत्सव के आठवें दिन का संदेश यही है कि जीवन की लंबी दौड़ बड़े छलाँगों से नहीं, बल्कि छोटे और सधे हुए कदमों से जीती जाती है। सफलता उसी की होती है, जो निरंतर आगे बढ़ता रहता है और धैर्य के साथ मंज़िल की ओर बढ़ते कदम कभी रोकता नहीं।

## सिटी इवेंट



भिलाई। नवोदय गणेश उत्सव समिति कॉन्टैक्टर कॉलोनी बजरंग चौक वार्ड 18 सुपेला भिलाई।



भिलाई। रिद्धि सिद्धि गणेशोत्सव समिति ब्लॉक नं. 17 हाउसिंग बोर्ड भिलाई।



भिलाई। उम्दा रोड वार्ड 7 कबीर नगर भिलाई तीन।



भिलाई। गणेश उत्सव समिति बोरा लाइन पुरानी बस्ती सुपेला में विराजे बाल गणेश।

● सभी जैन मंदिरों में चल रही है प्रवचन श्रृंखला और अभिषेक

# सुगंध दशमी व्रत कर महिलाओं ने किया धूप अर्पण, सब प्राप्त हो जाए, लेकिन संयम रूपी ब्रेक न हो तो सब व्यर्थ है : आर्यिका

भिलाई। जैन समाज में दसलक्षण पर्व पर अनेक अनुष्ठान व विशेष पूजन आयोजन सभी मंदिरों में आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर भाद्रपद शुक्ल दशमी को दिगंबर जैन समाज द्वारा धूमधाम से धूप दशमी पर्व मनाया। इस पर्व में विशेष रूप से 10वें तीर्थंकर शीतलनाथजी का पूजन किया गया। सभी मंदिरों में दोपहर को धूप खेवन कर सुगंध दशमी पर्व मनाया। जैन धर्म में इस पर्व को उपवास, एकाशन आदि तप व विधिपूर्वक मनाया जाता है। जिसमें सुहागिन महिलाएं भगवान से अपने सुखद दाम्पत्य जीवन की कामना करती है। इस व्रत के फल से मनुष्य को पुण्य तथा 8 कर्मों का नाश कर मोक्ष की प्राप्ति भी होती हैं।पर्वाधिराज पर्युषण पर्व के छठवें दिन जैन भवन नेहरू नगर में शांति धारा करने का सौभाग्य चित्रा नरेंद्र, शिखा राकेश गंगवाल, इशिता, अर्श परिवार व सुषमा विकास, मेघा सौरभ मांडगे, श्रव्या, दिव्या परिवार को प्राप्त हुआ।




### इंद्रियों पर आत्म-नियंत्रण जरूरी




आर्यिका अक्षयमती ने प्रवचनों में बताया कि नियम से दृढ़ संकल्प जागृत होता हैं। उत्तम संयम धर्म का अर्थ है मन और इंद्रियों पर आत्म-नियंत्रण रखना है। यह सभी प्राणियों की रक्षा करता है और आंतरिक शांति को बढ़ावा देता है। इसका पालन करने से इच्छाओं और आसक्तियों पर काबू पाया जाता है और व्यक्ति चरित्र के आध्यात्मिक विकास की ओर बढ़ता है। अपनी इंद्रियों मन और वाणी पर नियंत्रण रखना। संयम के पालन से व्यक्ति के चरित्र का निर्माण होता है। पंचेन्द्रियों जैसे आंख, कान, नाक, जीभ और त्वचा और मन के विषयों में आसक्ति को कम करना भी उत्तम संयम का एक भाग है।रात के समय आरती के दौरान भक्तों ने नृत्य कर भक्ति की, संस्कृति ग्रुप द्वारा आयोजित धार्मिक तम्बोला में सभी ने आनंद लाभ लिया। संस्कृति ग्रुप की राशि, ऋचा, शिखा, प्रियंका, गरिमा, किरण, दीपा, जया, शिक्षा, प्रीती, प्राची, पूजा, निकिता, निकिता कोठारी, अंकिता ने कार्यक्रम का संचालन किया। अभिव्यक्ति ग्रुप द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गो में प्रथम स्वास्तिक, निश्चय, आग्रह, अथर्व, विज्ञ व मंथन पाटनी, द्वितीय पार्थवी, प्रीशा, विहान जैन, तृतीय आश्वी, विहान पाटनी और अपूर्व जैन को प्राप्त हुआ। महाआरती का संचालन अनेकान्त व आनंद ने किया। जिसमें राजकुमार जैन, महावीर पाटनी, अशोक पहाड़िया, भागचंद पाटनी, नागेंद्र जैन, अजित जैन, कासलीवाल, गौरव, सचिन जैनम, रोमिल सहित अन्य भक्त उपस्थित रहे।

### संयम जीवन का भार नहीं, जीवन का सार है.



त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 भिलाई में श्री 1008 सुमति नाथ भगवान, 1008 अजीत नाथ भगवान, 1008 पारसनाथ भगवान और 1008 संभावनाथ भगवान के मंगल अभिषेक भक्तों ने किया। दस लक्षण पर्व के धर्म दिवस पर भिलाई में सुगंध दशमी व्रत कर सभी दिगंबर जैन मंदिर में भक्तों ने धूप अर्पण किया। जहां शांति धारा गोल्डी छाबड़ा, जिनेंद्र जैन, संजीव जैन, राहुल जैन सहित अन्य उपवास करने वालों को अवसर मिला। संयम धर्म का पूजन पं अजय शास्त्री, अतिशय शास्त्री ने सुमति नाथ भगवान का पूजन भक्तों को कराया। श्री 1008 सुमति नाथ और अजीत नाथ भगवान के समोसारण में सोधर्म इंद्र बने साधना प्रदीप जैन बाकलीवाल ने भक्ति भाव के साथ अष्ट द्रव्य के जिनेंद्र भगवान को श्रीफल अर्पण किया और उनके साथ ज्ञानचंद ललिता देवी बाकलीवाल, प्रशांत जैन ने श्रीफल अर्पण किया। पंडित ने संयम धर्म का महत्व बताते हुए कहा कि मन और इंद्रियों पर नियंत्रण ही सच्चा संयम है। अनुशासन से ही जीवन में शांति और सफलता आती है। हम सभी अपने जीवन में संयम धर्म का पालन अवश्य करें। मर्यादा में रहने से जीवन महान बनता है।

### मंगल दर्शन करते हुए लिया माता का आशीर्वाद



आज सुगंध दशमी व्रत के अवसर पर अनेक महिलाओं ने सुहाग दशमी व्रत का उपवास भी किया। इस अवसर पर दोपहर 2 बजे से शाम साढ़े 6 बजे तक हजारों की संख्या में भिलाई-दुर्ग के सभी दिगंबर जैन मंदिर त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6, वैशाली नगर, नेहरू नगर जैन मंदिर, रिसाली जैन मंदिर, पार्श्वनाथ धाम रुआबांधा दिगंबर जैन मंदिर और दुर्ग के सभी दिगंबर जैन मंदिरों में भक्तों ने 105 दुर्लभवती माताजी और 105 अक्षमती माता का मंगल दर्शन करते हुए आशीर्वाद लिया। साथ ही धूप दशमी धूप खेवन की क्रिया करते हुए पूजन किया। शाम 7 बजे जिनेंद्र भगवान की मंगल आरती भक्तों ने त्रिवेणी जैन तीर्थ में किया। जैन मिलन, जैन ट्रस्ट, जैन महिला क्लब के महावीर प्रकाश जैन, मुकेश जैन, राजेश जैन, अनुपम जैन, प्रवीण छाबड़ा, अरविंद जैन, कमल जैन, संतोष जैन, सुनील जैन, अशोक जैन सहित सभी सामाजिक जन उपस्थित थे।

# मायके आई महालक्ष्मी की भुजिया और ड्राईफ्रूट से ओली भरकर की गई विदाई

**भिलाई।** ट्विनसिटी में महाराष्ट्रीयन परिवारों में माता महालक्ष्मी गौरा-गौरी की प्रतिमा स्थापना कर विधिवत पूजा अर्चना कर मंगलवार को ओली भरकर मायके आई माता की विदाई की गई। प्रशांत कुमार क्षीरसागर ने बताया कि महाराष्ट्रीयन परिवारों के लिए यह बड़ा त्योहार के रूप में मनाया जाता है। धन और समृद्धि के साथ ही घर में सुख, शांति के लिए यह पर्व मनाया जाता है। अष्टमी के दिन महालक्ष्मी को सोलह सब्जियों को एक साथ मिलाकर भोग लगाया जाता है। साथ ही ज्वार के आटे की अम्बिल और पूरन पोली का महाप्रसाद प्रमुख होता है।



### महाराष्ट्रीयन परिवारों ने किया परंपरा और रीत-रिवाज से पूजन

प्रतिमा गोंदे, नीता गोंदे, रजनी गोंदे ने बताया की सभी महाराष्ट्रीयन परिवारों में परंपरा और अपने रीत- रिवाज और भक्ती भाव से महालक्ष्मी पूजन किया जाता है। घरों को सुंदर से सजाकर देवी महालक्ष्मी व बेटी की तरह उनका स्वागत और विदाई की जाती है। पूरे मन और श्रद्धा से पूजा करने के बाद माता धन, संपदा और सुख समृद्धी की प्राप्ती का आशीर्वाद देती है। उषा क्षीरसागर ने बताया आंबील और महाराष्ट्रीयन कढ़ी का विशेष प्रसाद का प्रसाद चढ़ाया जाता है। तीन दिवसीय पर्व के पहले दिन महालक्ष्मी का आगमन, दूसरे दिन पारंपरिक भोजन प्रसाद, 16 प्रकार की सब्जी, चटणी, प्रसाद, मिठाई, व्यंजन घर की सभी महिलाएं तैयार करती है। दूसरे दिन सभी परिवार के सदस्य मिलकर पूजा अर्चना के बाद आंबील और पुरणपोली, गुझिया, करंजी, आधीचा का भोग लगाकर यह प्रसाद सभी को घर पर ही बिठाकर खिलाया जाता है। अंतिम दिन माता की ओली भरकर महालक्ष्मी और गौरी माता की जयकारे लगाते हुए मायके से विदाई दी गई। पूजा के दौरान प्रतिमा गोंदे, वनिता गोंदे, रजनी गोंदे, भरत गोंदे, नरेश गोंदे, प्रशांत उषा क्षीरसागर सहित सामाजिक लोग उपस्थित थे।

# हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने पौधा देकर किया सम्मान



**भिलाई।** हर आंगन एक पेड़ अभियान के तहत आर्टकॉम अपने कला और संस्कृति के क्षेत्र के साथ-साथ अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए हर रविवार को पौधों रोपण कर वितरण कार्य रही है। संस्था के सदस्यों द्वारा वैशाली नगर क्षेत्र को हरा भरा करने के लिए गदा चौक सुपेला में पौधा वितरण कर पौधे को अपने आंगन में लगाकर पेड़ होते तक जतन करने की शपथ दिलाई गई। इस अभियान में सभी आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पौधे पाकर बच्चों से लेकर बड़ों तक के चेहरे खिल उठे। लोगो ने कहा कि खासकर वैशाली नगर क्षेत्र में घरों के मकड़ जाल को देखते हुए उससे ज्यादा संख्या में अपने-अपने कालोनियों, वार्ड, स्ट्रीट, गलियों, दुकानों के सामने और पीछे आंगन में पौधे रोपने कि जरूरत है। पर्यावरण को संतुलित करने के लिए यह बेहद जरूरी है।कार्यक्रम के दौरान सदस्यों द्वारा हेलमेट पहनकर जाने वाले और यातायात नियमों का पालन करने वाले का पौधा देकर सम्मान भी किया गया। इस दौरान संस्था के प्रमुख संरक्षण करमजीत सिंह, अध्यक्ष गुरुनाम सिंह बिन्दर, संस्थापक निशु पांडे, शारदा गुप्ता, नीलकमल सोनी, बंटी नाहर, अमिताभ भट्टाचार्य, मेघा कौर, काजल साहा, सी पी सिंह आदि मौजूद थे।

## सेक्टर 2 गणेश पंडाल में हर वर्ष गणेश पूजा के दौरान होता है आयोजन

कार्नर न्यूज

# महिलाओं ने हल्दी-कुमकुम पूजा कर पति की दीर्घायु का मांगा वरदान, हुई सामूहिक पूजा



भिलाई। सेक्टर-2 भिलाई में न्यू आजाद गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में मंगलवार को गणेश पंडाल में महिलाओं के लिए हल्दी कुमकुम पूजा का आयोजन किया। जिसमें लगभग तीन सौ से अधिक महिलाओं ने भाग लिया और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की, इसके बाद उन्होंने भोजन प्रसादी ग्रहण की। यह अनुष्ठान आचार्य पंडित संदीप तिवारी द्वारा संपन्न कराया गया।





### दक्षिण भारतीय महिलाओं के लिए हल्दी कुमकुम दान और पूजा का रहता है विशेष महत्व

हर साल की तरह इस साल भी यह पूजा गणेशोत्सव के दौरान आयोजित की गई थी और इसमें महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम पूरे गणेशोत्सव के दौरान अन्य पंडालों में भी आयोजित किए जाते हैं। दक्षिण भारतीय महिलाओं के लिए हल्दी कुमकुम दान और पूजा का विशेष महत्व रहता है। आयोजक पूर्व पार्षद श्रीनिवास राव और ललिता ने बताया कि गणेश पूजा के दौरान शुक्ल पक्ष में महिलाओं के लिए हल्दी कुमकुम पूजा का आयोजन समिति द्वारा किया जाता है। जिसमें महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सोलह श्रृगार कर पति के उत्तम स्वास्थ और दीर्घायु के लिए व्रत रखकर इस पूजा में शामिल होती है। इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाकर सौभाग्य की कामना की।

सिटी इवेंट

## शायर नौशाद का बागपत और मेरठ में हुआ सम्मान



**भिलाई।** बागपत में आकाशवाणी के अखिल भारतीय श्रोता सम्मेलन और मेरठ में मुशायरा-कवि सम्मेलन में भिलाई के शायर नौशाद अहमद सिद्दीकी सम्मानित हुए। बागपत में समिति के अध्यक्ष संजय ढींगरा, रवि कुमार राहुल, सतीश मिगलानी, विजेंद्र जायजान, ज्ञान भूषण शर्मा, परस राम साहू गुरु और अतिथियों ने नौशाद सिद्दीकी का सम्मान किया। इस कार्यक्रम में कई हस्तियां मौजूद रही। इस दौरान छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी से प्रकाशित शायरी संग्रह कहकशां का विमोचन भी किया गया। यहां शायर अहमद सिद्दीकी की मौजूदगी में शायरों ने भी अपने कलाम पढ़े। इस दौरान आल इंडिया उर्दू सर्विस से तारिक जमील, इमरान आजमी, अय्यूब खान, विविध भारती सेवा से शेफाली कपूर, रेडियो बदायूं से गजेन्द्र ,रेडियो रायपुर से शशांक खरे, श्याम वर्मा और रेडियो बर्फी, रेडियो बरेली, रेडियो धड़कन और रेडियो जगदलपुर छत्तीसगढ़ के उद्घोषक-उद्घोषिका भी मौजूद थे। अफ़रोज़ एजुकेशनल ट्रस्ट के चैयरमेन, साजिद अली सतरंगी, सेकेट्री, डॉ. साजिद अली, कोषाध्यक्ष मोईनुद्दीन, नूर मोहम्मद सैफी,राशिद नूर, डॉ. परवेज़ आलम, डॉ. फैजुल हसन, दिलनवाज ख़ान और मौलाना अब्दुल अहद ने भी अपनी भागीदारी दी।

■ रेडियो श्रोता सम्मेलन और मुशायरे में दी भागीदारी

सिटी लाइव

## भगवान का प्रसाद मानकर करें भोजन : सांसद विजय



**दुर्ग।** श्री राधा कृष्ण मंदिर महेश कालोनी द्वारा संचालित शुद्ध भोजन श्री राम रसोई का नया केंद्र मंगलवार को सेक्टर-4 दुर्गा मंदिर परिसर, बोरिया गेट परिवार में सांसद विजय बघेल के द्वारा पूजा-अर्चना के साथ विधिवत उद्घाटित हुआ। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल के साथ चतुर्भुज राठी, कृष्ण कुमार, रामफल शर्मा, ललित मेक्सरियार, राजू फोफलिया, मनोज बाघेला, बाबू जैन, श्याम तिवारी, शरद राठी, सुखदेव राठी, मनोज अग्रवाल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया।

राम रसोई का विस्तार आयोजक चतुर्भुज राठी ने जानकारी दी कि राम रसोई की शुरुआत 15 जून से हुई थी। प्रारंभ में 6 केंद्रों से शुरू हुई यह सेवा अब 20 केंद्रों तक पहुँच चुकी है। इनमें 12 दुर्ग, 4 राजनांदगांव, 2 गुंडरदेही, 1 भिलाई पावर हाउस और आज उद्घाटित सेक्टर-4 केंद्र शामिल है। अब तक लगभग 8 लाख लोग राम रसोई से भोजन ग्रहण कर चुके हैं। प्रतिदिन औसतन 3500 लोगों का भोजन तैयार होता है। टिफिन सुविधा भी उपलब्ध है, जिसके लिए मात्र 10 रुपये अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है। सांसद का वक्तव्यसांसद विजय बघेल ने स्वयं भोजन परोसते हुए भी भोजन ग्रहण किया और कहा जन सेवा की यह पवित्र पहल पुण्य भूमि से प्रारंभ हुई है। भगवान राम का प्रसाद मानकर ग्रहण करना चाहिए। इस सेवा कार्य को अल्प समय में व्यापक स्तर पर संचालित करने वाली पूरी टीम बधाई की पात्र है।

सिटी इवेंट

## विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में चैंबर ऑफ कॉमर्स की महत्वपूर्ण भूमिका



**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने जिन्दगी न मिलेगी दोबारा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर युवाओं को प्रेरणादायी संदेश दिया। विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में चैंबर ऑफ कॉमर्स की महत्वपूर्ण भूमिका विधायक ललित चंद्राकर रूआबांधा भिलाई स्थित सेंट थॉमस कॉलेज में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़, भिलाई इकाई द्वारा आयोजित ज़िंदगी न मिलेगी दोबारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए और छात्र-छात्राओं को संबोधित किया।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में चैंबर ऑफ कॉमर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। अजय भसीन के नेतृत्व में चैंबर ऑफ कॉमर्स लगातार कार्यशाला आयोजित कर स्वदेशी वस्तु अपनाने और युवाओं को उद्यमी बनने की दिशा में काम कर रही है। चंद्राकर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी नौकरी मांगने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनें। अपने जीवन में एक लक्ष्य बनाकर चलें और उसके लिए दिन-रात मेहनत करें। आपको सफलता जरूर मिलेगी। इस अवसर पर चेम्बर ऑफ कॉमर्स से अजय भसीन, डॉ संकल्प राय, संजय चौबे, सुमन कन्नौजिया, मनोहर कृष्णवाणी, डॉ शाइनी मेंडोंसे, डॉ एस पी वर्गिस, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू राकेश जंघेल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

● भूमिहार समाज की तीज क्वीन बनीं ममता, आरती फर्स्ट व अमृता रहीं सेकंड रनरअप

# मां दुर्गा के आठ स्वरूपों का दिखाया सौम्य और रौद्र रूप, इंद्रधनुषी छटा के बीच बिखेरा फैशन का जलवा

**भिलाई।** ट्विनसिटी में गणेशोत्सव की धूम के बीच विभिन्न समाज, संगठन और क्लब की महिलाओं द्वारा तीज सेलिब्रेशन का आयोजन किया जा रहा है। भूमिहार समाज की महिलाओं द्वारा सेक्टर 2 परशुराम भवन में तीज महोत्सव का भव्य आयोजन किया। धूमधाम से मनाए गए तीजोत्सव में समाज की महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। जिसमें महिलाओं ने अस्त्र-शस्त्र द्वारा मां दुर्गा के आठ स्वरूपों को नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिसमें माता के सौम्य और रौद्र रूप के दर्शन हुए।

इस अवसर पर इंद्रधनुषी छटा के बीच फैशन शो भी आयोजित किया गया, जिसमें डॉ ममता राय को तीज क्वीन का ताज पहनाया गया, जबकि आरती शर्मा ने फर्स्ट रनरअप तथा अमृता सिंह ने सेकंड रनरअप का खिताब जीता। वहीं पूजा शर्मा ने वेल ड्रेस एवं मिक्की सिन्हा ने बेस्ट स्माइल का टाइटल अपने नाम किया। सांस्कृतिक प्रस्तुति में समाज की महिलाओं ने अस्त्र शस्त्रों से लैस मां दुर्गा के आठ स्वरूपों को नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिसमें माता के सौम्य और रौद्र रूप के दर्शन हुए।



### विभिन्न प्रतियोगिताओं के नतीजे



अन्य प्रतियोगिताओं के नतीजों के मुताबिक सारी ड्रैपिंग में पूजा शर्मा प्रथम, ममता राय द्वितीय, आशा राय तृतीय, मेहंदी में सिम्मी प्रथम, अमृता सिंह द्वितीय, ज्योति सिंह तृतीय, मैकअप में साक्षी सिंह प्रथम, पूजा शर्मा द्वितीय, नीतू शुक्ला तृतीय, हेयरस्टाइल में सुषमा सिंह प्रथम, रुचि राय द्वितीय, आरती शर्मा तृतीय, रंगोली में रुचि राय प्रथम, ममता राय द्वितीय, फूड स्टॉल में मंजू सिंह प्रथम, आशा तिवारी द्वितीय, अमलेश राय तृतीय रहीं। जहां नृत्य कला का प्रदर्शन करने वाली महिलाओं में इंदू राय, कुंदन शर्मा, अनीता शर्मा, शिल्पी शर्मा, रेणू पांडेय, सुमन राय, मीनाक्षी शर्मा, साधना और परिधि शामिल थीं, तो वहीं नीतू और सुमन ने भगवान की स्तुति भजन गाकर की।

### कुर्सी दौड़, गोली चम्मच और बेलून प्रतियोगिता में दिखा उत्साह

रजक समाज द्वारा तीज महोत्सव समाजिक भवन कसारीडीह दुर्ग में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग महापौर अलका बाघमार, प्रभुनाथ बैठा, सरस निर्मलकर, गीतांजली निर्मलकर, रजनी रजक, ईश्वर निर्मलकर, महिला समिति अध्यक्ष कांती निर्मलकर, सहित कई वरिष्ठ जन उपस्थित थे। इस दौरान महिलाओं और बच्चों के लिए तीज क्वीन, छत्तीसगढ़ी व्यंजन, कुर्सी दौड़, गोली चम्मच, बेलून और बिंदी लगायों प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के महिला एवं पुरुष पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।



### फिल्मी गानों पर हुआ जमकर नृत्य



पांच जजों के पैनल में डॉ सोनाली चक्रवर्ती, दीप्ति कौर खुराना, अश्वनी नागले, सीमा अग्रवाल तथा सरोज साहू शामिल थीं। इस मौके पर महिला विंग की प्रमुख अनीता सिंह, समाजसेविका सीमा सिंह तथा अधिवक्ता रेखा सिंह खास तौर पर मौजूद थीं। फैशन शो में विजेताओं के अलावा नीतू शुक्ला, कोमल सिंह, श्वेता राय और आशा राय ने भी कैटवॉक कर जलवा दिखाया था। दूसरी ओर महोत्सव में महिलाओं ने भोजपुरी, छत्तीसगढ़ी, तेलुगु तथा नए और पुराने दौर के फिल्मी गानों पर शानदार नृत्य किया। अतिथियों का स्वागत पूजा और कोमल के नृत्य से हुआ। गीत-संगीत की प्रस्तुति वीना सिंह, रानी राय, आशा तिवारी, आरती राय, आनंदी राय और प्रेमा सिंह ने दी। तीजोत्सव का संचालन मोनालिका शुक्ला ने किया।

आयोजन

## भगवान गणेश के विवाह की रस्म निभाई





**भिलाई।** सेक्टर 5 गणेश मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी भगवान गणेश का माता रिद्धी सिद्धी के साथ विवाह कल्याणं की रस्म अदा की गई। जिसमें महापौर नीरज पाल, मुखी अजवाइन के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के और मंदिर के सदस्य बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और शादी की तरह गणेश भगवान की पूरी विवाह की रस्म निभाई गई। *(फोटो संजय पांडेय)*

कार्यक्रम

## यूथ सिख सेवा समिति ने बच्चों का किया आर्थिक सहयोग



**भिलाई।** यूथ सिख सेवा समिति भिलाई ने 2 बच्चों को दिया छात्रवृत्ति यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के द्वारा 2 बच्चों को छात्रवृत्ति दी गई 1 बच्चा गुरुनानक स्कूल सेक्टर 6 मैं कक्षा 9 का छात्र है जिसके पिछले साल की फीस और इस साल की पूरी फीस 17723 रुपए का चेक बच्चे के घर वालों को दिया गया साथ ही एक बच्चा जो सरस्वती ज्ञान मंदिर कैंप 2 मैं 2 साल पहले 12वीं कक्षा पास कर लिया था बच्चे ने फीस नहीं भरने के कारण उसकी टीसी रोक दी गई थी।

अभी कॉलेज मैं एडमिशन के लिए टीसी की जरूरत होने पर यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के छात्रवृत्ति फॉर्म के माध्यम से अध्यक्ष इंदरजीत सिंह से मदद मांगी गई थी जिसे आज 25000 का चेक दिया गया । आज के कार्यक्रम मैं अध्यक्ष इंदरजीत सिंह , महासचिव जसवंत सिंह सेनी , कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष हरनेक सिंह सेनी , सचिव सोम सिंह , खेल खुद समिति से हरजिंदर सिंह और यश सिंह जी मौजूद थे।

महर्षि दयानंद सरस्वती की प्रथम भाषा संस्कृत थी : अवनी भूषण

कार्नर न्यूज

# संस्कृत, संस्कृति और संस्कार को बढ़ावा देने विद्यार्थियों और शिक्षकों को किया सम्मानित

**भिलाई।** आर्य समाज सेक्टर-6 में संस्कृत मित्र मंडल द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 390 विद्यार्थियों और 60 से अधिक शिक्षकों का सम्मान उत्कृष्टता के आधार पर किया गया। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान अवनी भूषण पुरंग, मंडल की अध्यक्ष आभा चौरसिया और मंडल के सदस्य मौजूद रहे। अपने विचार व्यक्त करते हुए अवनी भूषण ने कहा कि संस्कृत के प्रति हमारी और आर्य समाज की प्रतिबद्धता में कोई संदेह नहीं है। महर्षि दयानंद सरस्वती की प्रथम भाषा संस्कृत थी। वे आरंभ में अपने प्रवचन संस्कृत में ही दिया करते थे, लेकिन अधिक से अधिक जनों तक संदेश पहुंचाने के लिए उन्होंने हिंदी का प्रयोग किया और इसे राष्ट्रीय एकता का आधार बताया।



### नीलू जैन को आर्य महिला रत्न सम्मान



समारोह के दौरान आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री नई दिल्ली ने अंग्रेजी भाषा की विदुषी नीलू जैन को आर्य महिला रत्न सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर उन्हें मानपत्र, शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। नीलू ने संकल्प लिया कि वे आर्य समाज के विचारों, आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री की पुस्तकों और डॉ. अजय आर्य के लेखों को अंग्रेज़ी में अनुवादित करके प्रस्तुत करेंगी। आर्य समाज के मंत्री प्रवीण गुप्ता ने बताया कि आर्य समाज से जुड़े आचार्य डॉ. अजय आर्य को अध्यात्म पथ पत्रिका, नई दिल्ली का सह-संपादक नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि आचार्य अब तक लगभग आठ पुस्तकें, सैकड़ों लेख और शोध लेख लिख चुके हैं तथा उनकी कविताएं भी प्रकाशित होती रहती हैं।

### 390 विद्यार्थियों और 60 से अधिक शिक्षकों का सम्मान

संस्कृत मित्र मंडल की अध्यक्ष आभा चौरसिया ने बताया कि इस वर्ष लगभग 390 विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र वितरित किए गए। 60 से अधिक संस्कृत शिक्षकों को एक ही मंच पर सम्मानित किया गया। दुर्ग-भिलाई क्षेत्र के लगभग सभी सीबीएसई विद्यालयों ने इस समारोह में सहभागिता दर्ज की।

**संस्कृत के प्रति रचनात्मक ऊर्जा मंडल का उद्देश्य :** समारोह के अंत में डॉ अजय आर्य ने कहा कि संस्कृत मित्र मंडल अपने त्रि-सूत्री कार्यक्रम संस्कृत, संस्कृति और संस्कार के लिए आगे बढ़ रहा है। छात्रों और शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करते हुए शहर में संस्कृत के प्रति उदासीनता को समाप्त कर रचनात्मक ऊर्जा का सृजन करना मंडल का उद्देश्य है।

**सम्मानित सहभागी शिक्षकगण**

आयोजन संयोजन में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले सहभागी शिक्षकों में अजय कुमार, अलका चौधरी, अनामिका मणिकपुरी, डॉ अजय आर्य, आभा चौरसिया, अनुपमा उपाध्याय, अनुगता अवस्थी, अमित मिश्रा, अभा नेवलकर, आशा यादव, इश्वरी देवांगन, प्रतिमा पांडेय, कौर जसविंदर, चन्द्र प्रकाश आर्य, धात्री साहू, धीरज मणि आर्य, डॉ. वागीश चन्द्र त्रिपाठी, प्रीति भट्ट, प्रमिला नाइक, सुमिता प्रकाश, वंदना सिंह, शीला लाकुड़कर, एस. वीना पटेल, विद्या वर्मा, ज्योति देवांगन, हृदानन्द साहू, जिया धमदे, वेद प्रकाश, कल्पना शर्मा सहित अन्य को सम्मानित किया गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ को 6 गोल्ड सहित 8 पदक




**रायपुर।** निःशक्तजनों के खेलों के लिए अटल बिहारी वाजपेयी प्रशिक्षण केंद्र में 29 अगस्त से 31 अगस्त तक ग्वालियर मध्य प्रदेश में आयोजित चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का बहुत ही शानदार प्रदर्शन रहा। टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 06 गोल्ड 01 सिल्वर, 01 ब्रॉन्ज कुल 08 मेडल प्राप्त किए। 1500 मीटर और 400 मीटर रेस में सुखदेव ने टी 11 कैटेगरी में गोल्ड, 1500 मीटर रेस में निखिल कुमार यादव ने गोल्ड मेडल जीता। टी 12 वर्ग के साथ 400 मीटर दौड़ में नीलम टंडन ने रजत पदक, टी 11 वर्ग के साथ लंबी कूद में देवमोती ने कांस्य पदक, टी 45 वर्ग के साथ 1500 मीटर दौड़ में शिवराम साहू ने स्वर्ण पदक, शॉर्ट पुट और डिस्कस थ्रो में यशोदा राजवाड़े ने स्वर्ण पदक हासिल किया। टीम के मैनेजर निरंजन साहू, कोच बिमल बेरा का इस सफलता में विशेष योगदान रहा। पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष आनंद छाबड़ा, उपाध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी, महासचिव डिकेश टंडन, सह सचिव सुश्री नीता डूमरे, अशोक दुबे, प्रमोद सिंह, राकेश ठाकुर सहित सभी ने बधाई दी है।

### डीडीसीए अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग के खिलाडियों का ट्रायल 7 को



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट बोर्ड के कैलेंडर-अनुसार, दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) द्वारा रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में-सत्र 2025 के अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग खिलाड़ियों का ट्रायल 7 सितंबर को सुबह 8.30 से 12:00 बजे रविशंकर स्टेडियम, दुर्ग किया जायेगा। चयनित खिलाड़ी क्रिकेट बोर्ड-बीसीसीआई, सीएससीएस एवं डीडीसीए के टूर्नामेंट, ट्रेनिंग कैम्प तथा सलेक्शन मैच में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगें। ट्रायल्स से संभावित खिलाडियों का चयन चयनकर्ताओं तथा छत्तीसगढ़ क्रिकेट बोर्ड आब्जर्वर के देख रेख में किया जायेगा। अंडर 23 तथा सीनियर वर्ग के खिलाडियों का चयन उनके क्रिकेट कौशल- बैटिंग, बॉलिंग एवं विकेट कीपिंग, तथा फील्डिंग एवं फिजिकल टेस्ट के आधार पर लिया जाएगा। जिला टीम का चयन फिटनेस-सलेक्शन मैच के आधार पर किया जाएगा। ट्रायल्स में अंडर 23 के खिलाडियों का कट ऑफ़ डेट 1 सितंबर 2003 से 1 अगस्त 2007 के ख़िलाड़ी भाग ले सकतें है। ट्रायल्स के लिए रजिस्ट्रेशन फॉर्म एवं शुल्क, डिजिटल/मैन्युअल जन्म प्रमाण फोटोकॉपी,स्कूल मार्कशीट विगत 6 साल, बैंक पासबुक, पैन कार्ड की फोटोकॉपी, नवीन पासपोर्ट कलर फोटो लानी होगी। वहीं अन्य जिला से ट्रान्सफर खिलाडियों का नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट, क्रिकेट गणवेश व किट के साथ उपस्थित होवें। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) के कैलेंडर के अनुसार एवं छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के आब्जर्वर की देखरेख में यह चयन होगा।

### दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अंडर-19 वर्ग के खिलाड़ी चयनित



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ रायपुर के खेल कैलेंडर 2025 निर्देशानुसार, दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सत्र 2025 के अंडर 19 के क्रिकेट खिलाडियों का ट्रायल पं रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में आयोजित किया गया। चयन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ बोर्ड के पर्यवेक्षक मो० तस्लीम, सचिव प्रमोद पारख, मुख्य चयनकर्ता आशीष सूर्यवंशी, चयनकर्ता शमीम मिर्ज़ा, डॉ नागेन्द्र शर्मा, ट्रायल को-ऑर्डिनेटर सुरेश साहू, ओम साहू, कौशल वर्मा, कोच-ट्रेनर गुरमीत भोगल, इन्दर कौर, कोंडल राव, रवि चौबे, भारत सोनी, राकेश साहू, सुशील मिश्रा और मो. रिजवान की देख रेख में किया गया। ट्रायल में दुर्ग जिला के विभिन्न जगह – दुर्ग, भिलाई, बालोद, राजनंदगांव, धमतरी, दल्ली-राजहरा, कुम्हारी, पाटन के 62 खिलाडियों ने चयन में भाग लिया। चयनित 30 खिलाड़ी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के ट्रेनिंग कैंप, सलेक्शन मैच एवं बोर्ड टूर्नामेंट में भाग लेंगे। अंडर 19 के चयनित खिलाडियों में शिवम् यादव, युग देशलहरा, चंद्रश यादव, जतिन सारथी, आदित्य वर्मा, अभिजीत राय, समर्थ मुलवानी, धानेश्वर, सागर वर्मा, रुद्र शुक्ला, क्षितिज, विवान बर्मन, अमित द्विवेदी, विनिल जैन, आयुष टंडन, कृतिवास, अंशुल, हर्षित, अविनाश, वंश गुप्ता, अर्जित तिवारी, ऋषि साहू, सार्थक बाजपेई, धैर्य साहू, कार्तिक तिवारी, आनंद त्रिपाठी, अमीय मढ़हरिया, लवकुश तिवारी, मन्नत तांडी और आर्यन जायसवाल शामिल हैं।

## काम का दबाव दे रहा कई स्वास्थ्य समस्याएं, प्रभावित हो रही निजी जिंदगी

# शारीरिक सेहत के साथ-साथ मानसिक सेहत पर भी असर डाल रहा काम का बढ़ता दबाव

एक वक्त था, जब ऑफिस का काम ज्यादा होने के बाद भी वर्कलोड ज्यादा नहीं होता था। ऐसा इसलिए, क्योंकि उस समय ऑफिस वर्क बस ऑफिस तक ही सीमित होता था। मगर कोरोना के बाद से आलम कुछ ऐसा है कि ऑफिस वर्क लोगों की शारीरिक सेहत के साथ-साथ मानसिक सेहत पर भी अत्यधिक असर डाल रहा है। पुरुष हो या महिला, दोनों की जिंदगी में काम का तनाव इतना ज्यादा बढ़ गया है कि उनकी निजी जिंदगी इससे प्रभावित होने लगी है। वे ऑफिस वर्क को मैनेज नहीं कर पा रहे हैं, जिसकी वजह से उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत, दोनों खराब हो रही हैं। दफ्तर की नौ घंटे की स्ट्रेसफुल टाइमिंग, बॉस का दबाव, मैनेजमेंट की मुश्किल, समय-सीमा, ग्राहक का फीडबैक आदि दिक्कतों की वजह से ऑफिस स्ट्रेस बढ़ता ही जा रहा है। इस वर्क स्ट्रेस की वजह से लोग कई तरह की शारीरिक और मानसिक बीमारियों का शिकार हो रहे हैं, जैसे कि तनाव, अवसाद, ब्लड प्रेशर की समस्या, डायबिटीज, मोटापा, थकान, नींद की कमी और दिल की बीमारियां आदि।

दफ्तर में बढ़ते काम का दबाव युवाओं में तनाव की गंभीर समस्या को जन्म दे रहा है। इस तनाव की वजह से सोचने और समझने की क्षमता कम हो रही है। साथ ही कार्यक्षमता और रचनात्मकता भी कम हो रही है। आपको जब भी तनाव होता है तो आप चिड़चिड़ी-सी हो जाती हैं। किसी से बात करने का मन नहीं करता, घर वालों और दोस्तों से ढंग से बात भी नहीं हो पाती। दफ्तर में लंबे समय तक काम करना, रात की शिफ्ट में काम करना, काम का दबाव और हमेशा बढ़ती मांगों के कारण आप तनाव में आ जाती



हैं। तनाव का स्तर एक सीमा से ज्यादा बढ़ जाने पर यह दिमाग और शरीर को नुकसान पहुंचाना शुरू कर देता है, जो ठीक नहीं है।

दफ्तर में तनाव बढ़ने के कई कारण हो सकते हैं, जिसका असर निजी जिंदगी पर दिखने लगता है। दफ्तर में बढ़ते तनाव के कारण कार्यक्षमता में कमी आ सकती है। पर्याप्त आराम न मिलने के कारण चीजों को लंबे समय तक याद रखने की क्षमता में गिरावट आती है और काम तथा व्यक्तिगत जीवन में संतुलन नहीं हो पाता है। इस वजह से परिवार के लिए समय न निकाल पाने के कारण आप मानसिक और शारीरिक, दोनों तरह से परेशान होने लगती हैं। आपको कामकाजी जीवन और निजी जीवन में संतुलन बनाना काफी मुश्किल हो जाता है, जिस कारण रिश्तों में तनाव पनपना लगता है।

### क्या कहते हैं शोध

बेंगलुरु की एक हेल्थकेयर कंपनी ने 'कर्मचारियों की भावनात्मक स्वास्थ्य स्थिति' विषय पर अपने ताजा सर्वे में पाया कि 21 से 30 साल के बीच के कर्मचारी सबसे ज्यादा तनावग्रस्त रहते हैं। पिछले महीने ही किए गए इस सर्वे में पांच हजार से ज्यादा कर्मचारियों ने हिस्सा लिया, जिनमें आईटी और विनिर्माण, परिवहन, स्टाफ भर्ती तकनीक, मीडिया, कानूनी सेवाओं, व्यवसाय परामर्श और अन्य सेवाओं के कई सेक्टर्स के कर्मचारी शामिल थे।

सर्वे के अनुसार, तनावग्रस्त कर्मचारियों में दूसरे नंबर पर 30 से 40 वर्ष की आयु के लोग हैं और फिर 41-50 वर्ष की आयु के लोग हैं। सर्वे में यह भी पाया गया कि कार्यस्थल पर महिलाओं को पुरुषों की तुलना में अधिक तनाव होता है। लगभग तीन-चौथाई या 72.2 प्रतिशत महिलाओं ने हाई टेंशन के बारे में बताया। इसकी तुलना में जब पुरुषों से यही सवाल पूछा गया तो उनमें से 53.64 प्रतिशत ने कहा कि वे हाई टेंशन का अनुभव करते हैं। महिला कर्मचारियों ने बताया कि काम, जीवन संतुलन का अभाव, पहचान की कमी, लगातार कम मनोबल और हमेशा आलोचना का डर तनाव में वृद्धि के कुछ प्रमुख कारण हैं। निष्कर्ष में पाया गया कि पिछले कुछ सालों में उच्च और अत्यधिक तनाव के स्तर से पीड़ित कर्मचारियों की संख्या में 31 फीसदी की बढ़त हुई है। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन की वर्क एंड वेल विंग की ओर से एक अन्य शोध किया गया, जिसमें बताया गया कि ज्यादा तनाव लेने से दिमाग की नसें सिकुड़ने लगती हैं, दिमाग में काफी बदलाव आने लगते हैं और नर्वस सिस्टम में खराबी होने लगती है। दफ्तर में अगर आपके साथ गलत व्यवहार होता है या किसी भी तरह का शोषण होता है तो इसका सीधा असर आपके दिमाग पर पड़ता है। आपके कोर्टिसोल हार्मोन में बदलाव होने लगता है, वो डैमेज हो जाता है और आप डिमेंशिया या अल्जाइमर का शिकार हो सकती हैं। इसलिए आपको बढ़ते वर्कलोड से दिमाग को खराब होने से बचाने के लिए कुछ उपाय करने ही होंगे।

### कारणों की पहचान

दफ्तर में कौन-सी स्थिति आपको तनाव में डालती है, इसे



पहचानने की कोशिश करें। किस बात से स्ट्रेस ट्रिगर हो रहा है, उसे जानने का प्रयास करें। चाहें तो रोज घर आकर एक डायरी में अपने दिन भर के और दफ्तर के अनुभवों को लिखें। इससे आपको तनाव के कारण को पहचानने में मदद मिलेगी और आप उससे निपटने में सक्षम हो पाएंगी।



## रातों की नींद उड़ गई है तो अपनाएं देसी नुस्खे

तनाव या फिर अन्य कई वजहों से नींद आने में परेशानी हो सकती है। ऐसे में आप इस देसी नुस्खे की मदद ले सकती हैं। हालांकि, अगर आपको नींद आने में ज्यादा परेशानी होती है, तो इसके पीछे का कारण जरूर जानें।

दिन भर के काम के बाद शरीर को रेस्ट देने और सही तरह के फंक्शन करने के लिए पूरी नींद बहुत जरूरी होती है। नींद पूरी न होने पर कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। सोते वक्त फोन चलाना, तनाव की वजह से करवटे बदलना या फिर और भी कई कारण हैं, जिनके चलते नींद आने में मुश्किल होकी है। नींद न आना केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक सेहत को भी खराब कर सकता है। शरीर को जब पूरा आराम नहीं मिल पाता है, तो डाइजेशन भी खराब हो जाता है और हम अपनी क्षमता के अनुसार, काम भी नहीं कर पाते हैं। अगर आपको भी नींद न आने की परेशानी है, तो यह नुस्खा आपकी मदद कर सकता है। इस तरह के कई नुस्खे, हर भारतीय घर में आजमाए जाते रहे हैं। इस नुस्खे के बारे में हमने डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट सिमरन कौर से भी बात की और उन्होंने भी इसे सटीक माना। आइए जानते हैं इस खास नुस्खे के बारे में।



### नींद आने के लिए देसी नुस्खा

अगर आप भी नींद न आने की समस्या से परेशान हैं, तो आपको इस देसी नुस्खे की मदद लेनी चाहिए। अच्छी नींद के लिए 2 हरी इलायची को गुनगुने पानी के साथ लें। इससे आपको नेचुरल तरीके से नींद आएगी।साथ ही, खर्राटों की समस्या भी दूर होगी। आपको रोजाना सोते वक्त ऐसा करना है। इलाचयी स्ट्रेस और एंग्जायटी को कम कर, नींद आने में मदद करती है। यह सोते समय मेटाबॉलिक रेट को भी बढ़ाती है, जिससे डाइजेशन सुधरता है।

### सोते वक्त पिएं इलायची दूध

अगर आप गुनगुने पानी के साथ इलायची (इलायची के फायदे) नहीं लेना चाहती हैं, तो सोते वक्त इसे एक ड्रिंक के तौर पर भी ले सकती हैं। 1 गिलास दूध में 2 इलायची डालकर उबालें और इसे छान लें। कुछ दिनों तक लगातार ऐसा करने से आपको नींद आने में मदद मिलेगी।

### नींद न आने के कारण

नींद न आने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें स्ट्रेस, एंग्जायटी, घबराहट या फिर स्लीप साइकिल का सही न होना शामिल है। कई बार रात को अधिक खाना खा लेने या फिर सोते वक्त चाय,कॉफी पीने से भी नींद आने में मुश्किल हो सकती है। अगर आपको लंबे समय से नींद न आने की समस्या है, तो आपको डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए। ये किसी हेल्थ से जुड़ी परेशानी का संकेत भी हो सकता है।



# शतरंज में भारत, अनुभव और लोकेश सहित 10 शीर्ष विजेता

■ आईएम सागर शाह विज़नरी चेस ट्रॉफी 2025' रायपुर में सम्पन्न

**रायपुर।** 20 राज्यों और 20 जिलों से आए 295 शतरंज खिलाड़ियों की शानदार भागीदारी के साथ आईएम सागर शाह विज़नरी चेस ट्रॉफी 2025 का शानदार आयोजन राजधानी रायपुर में हुआ। टीम चेस सिटी रायपुर की ओर से यह भव्य आयोजन एन.एच. गोयल वर्ल्ड स्कूल (अंबुजा मॉल रोड, रायपुर) में हुआ। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मध्यप्रदेश, दिल्ली, राजस्थान और छत्तीसगढ़ सहित 20 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुख्य परिणाम (शीर्ष 10 विजेता) भारत चौबे (उत्तर प्रदेश), 7.5 अंक, 1,00,000 एवं ट्रॉफी, अनुभव पटेल (छत्तीसगढ़), 7 अंक – 50,000 एवं ट्रॉफी, लोकेश पांडे (छत्तीसगढ़), 7 अंक – 25,000 एवं ट्रॉफी, प्रकाश साहू (ओडिशा), 7 अंक, 11,000 एवं ट्रॉफी, अपूर्व यादव (उत्तर प्रदेश), 7 अंक – 7,000 एवं ट्रॉफी 6. तनवीर मोंगा (पंजाब),7 अंक, 5,000 एवं ट्रॉफी, मनांशराज सिंह भाटिया (छत्तीसगढ़), 7 अंक, 4,000 एवं ट्रॉफी, पालाश नागदेवते (महाराष्ट्र), 7 अंक, 3,000 एवं ट्रॉफी, शुभम शर्मा (छत्तीसगढ़), 6.5 अंक, 3,000 एवं ट्रॉफी, अम्मीनेनी उदय कुमार (आंध्र प्रदेश), 6.5 अंक, 3,000 एवं ट्रॉफी श्रेणीवार चैंपियन अंडर 07 : रिशन वर्मा (छत्तीसगढ़) अंडर 09 : अर्नव गोयल (उत्तर प्रदेश) अंडर-11: प्रांजल सिंह (उत्तर प्रदेश) अंडर 13 : शशांक यादव (छत्तीसगढ़) सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी : हिमनाई देवांगन (छत्तीसगढ़) सर्वश्रेष्ठ रायपुर खिलाड़ी : शौर्य चिमनानी (छत्तीसगढ़) सर्वश्रेष्ठ अनरेटेड खिलाड़ी : निमेश झा सर्वश्रेष्ठ 1400–1499 रेटिंग : रामकृष्ण जैन सर्वश्रेष्ठ 1500–1599 रेटिंग : देवदत्त महानंद सबसे कम उम्र के खिलाड़ी में 4 वर्षीय के प्राशी जैन (छत्तीसगढ़) रहे।




आयोजन समिति ने एन.एच. गोयल वर्ल्ड स्कूल के निदेशक प्रशासन एस.के. तोमर एवं प्रबंधन प्रमुख अभिनंदन सिन्हा का विशेष धन्यवाद दिया। वहीं मार्गदर्शन व सहयोग के लिए अनूप अग्रवाल, टीम सोडेक़्सो, सभी खिलाड़ियों, अभिभावकों, संरक्षकों और कोच, चेस सिटी रायपुर की प्रबंधन टीम एवं आर्बिटर टीम का भी आभार जताया। आयोजनकर्ता टीम में विनेश दौलतानी, अमोघ यादव, टूर्नामेंट निदेशक रवि रोचलानी, शुभंकर बमालिया, तकनीकी प्रमुख एवं सहयोगी टीम में एस.एन.ए. आलोक क्षत्रिय, एस.एन.ए. सूरज, अमन तिवारी, किरण बिल्से, वैदेही मिश्रा, आदित्य राजपूत, एस.एन.ए. वेदांश तिवारी, एस.एन.ए. संदीप पाटले, अर्पित सिंह, आनंद रॉय, नम्रता बिल्से, रूचि आहिर व प्रीतम शामिल हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने मदद मिली और प्रतिस्पर्धा का मंच मिला। आयोजन समिति के मुताबिक शतरंज जैसे खेल से बच्चों और युवाओं में बौद्धिक विकास, धैर्य, अनुशासन और त्वरित निर्णय क्षमता का विकास होता है। इस आयोजन से छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में शतरंज समुदाय और अधिक सशक्त होगा।

## हथेली पर बनता है क्रास का निशान जानिए इसके शुभ-अशुभ संकेत



व्यक्ति की हथेली में कई तरह के निशान, लकीरें और अलग-अलग आकृतियां बनी हुई होती हैं। हस्तरेखा ज्योतिष शास्त्र के अनुसार हथेली पर बनी लकीरों के अध्ययन से व्यक्ति के स्वभाव और भविष्य के बारे में काफी कुछ जानकारियां हासिल की जाती है। हथेली पर बने ये निशान जहां व्यक्ति को भाग्यशाली बनाते हैं तो कुछ निशान को अशुभ भी माना जाता है। हथेली पर शुभ निशान बने होने पर व्यक्ति के जीवन में धन-दौलत की कोई भी कमी नहीं रहती है। व्यक्ति को सभी तरह के भौतिक सुखों की प्राप्ति होती है। आज हम आपको हथेली पर बने क्रास के निशान के बारे में बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं कहां-कहां हथेली पर बने क्रास के निशान शुभ माने जाते हैं।

### गुरु पर्वत पर क्रास का निशान

हथेली पर इंडेक्स फिंगर के नीचे बने उभार को गुरु पर्वत कहा जाता है। हस्तरेखा ज्योतिष के अनुसार अगर किसी व्यक्ति की हथेली पर बना गुरु पर्वत में उभार हो ओर उसके ऊपर क्रास का निशान हो तो इसे बहुत ही शुभ संकेत माना जाता है। ऐसे लोगों के जीवन में कभी भी भौतिक सुख की कमी नहीं होती है। ऐसे लोगों को समाज में अच्छा मान-सम्मान प्राप्त होता है।

## कार्नर न्यूज

### संवेदनशील व्यक्ति होते हैं बहुत अधिक मिलनसार

# संवेदनशील है आपका पार्टनर तो रिश्ता निभाते समय रखें इन बातों का भी ध्यान

अत्यधिक संवेदनशील व्यक्ति को डेट करना अविश्वसनीय अनुभव हो सकता है, ऐसे व्यक्ति गहराई से प्यार करते हैं। बहुत अधिक मिलनसार होते हैं और आपके जीवन में शामिल अधिकांश लोगों से बेहतर वह आपको समझते हैं।

वह बिना पूछे आपकी देखभाल करते हैं और कभी-कभी आपकी जरूरतों का ध्यान जरूरत से ज्यादा रखते हैं। हालांकि वह भी चाहते हैं कि उनका साथी उन्हें समझे और देखभाल करें। शोध के अनुसार, दुनिया की 20 फीसदी में आबादी अत्यधिक संवेदनशील व्यक्ति शामिल हैं। वह अपने आसपास के लोगों के प्रति उच्च स्तर का सहानुभूति महसूस करते हैं, दूसरों के बारे में सोचते हैं और अक्सर अति उत्तेजित हो जाते हैं।

अगर आप किसी अत्यधिक संवेदनशील व्यक्ति के साथ रिश्ते में हैं या डेट कर रहे हैं, तो यह किसी ऐसे व्यक्ति के साथ रहने का मौका है जो आपको गहराई से समझेगा और आपकी भावनाओं की परवाह करेगा। हालांकि, एक संवेदनशील व्यक्ति के साथ होने के लिए आपको प्रभावी संचार के माध्यम से अपने साथी की आंतरिक जरूरतों को समझने की



जरूरत होती है, साथ ही अपने जीवन में पर्याप्त स्थान देने की भी आवश्यकता होती है।

**अच्छे श्रोता:** संवेदनशील लोग बिना कहे किए गए इशारों को समझने में बेहतर होते हैं। इस कारण उन्हें पता होता है कि आपको क्या चाहिए। जरूरी है कि आपके बीच प्रभावी संवाद हो और अच्छे श्रोता की तरह उन्हें सुनें ताकि आपको भी उनकी पसंद या जरूरतों के बारे में पता हो सके। उन्हें समझ कर ही आप दोनों के बीच का बॉन्ड मजबूत बन सकता है।

**कुछ स्पेस दें:** अत्यधिक सेंसिटिव व्यक्ति को अपनी भावनाओं और स्थिति को समझने में समय लगता है। उनकी पहली प्रवृत्ति सूचनाओं और अपने आस-पास के लोगों से अभिभूत हो जाना है। जब जब चीजें गलत हो जाती हैं तो आपको लगता है कि उनके साथ रहना सही निर्णय है, लेकिन कभी-कभी उन्हें सोचने और अपनी भावनाओं को शांत करने के लिए कुछ स्पेस की आवश्यकता होती है।

**उनकी भावनाओं को अपनाएं:** ऐसे लोग दूसरों की तुलना में अधिक गहराई के साथ भावनाओं को महसूस करते हैं। इसका अर्थ ये बिल्कुल नहीं है कि वह अव्यवहारिक हैं और ओवररिएक्ट करते हैं। उनकी भावनाओं को अस्वीकार करना और उनसे कहना कि वह ज्यादा सोच रहे हैं, उन्हें और भी अधिक हताश कर सकता है। भले ही आप उन्हें समाधान न बता सकें लेकिन उन्हें बताएं कि आप उनकी भावनाओं को समझते हैं।

**उन्हें सरप्राइज दें:** सेंसिटिव लोग नकारात्मक और सकारात्मक भावनाओं को तेजी से महसूस करते हैं। उन्हें सरप्राइज आउटिंग पर ले जाना और उनकी रुचि के मुताबिक कोई तोहफा देना , उन्हें अधिक जीवंत और सकारात्मक महसूस कराता है। उनके लिए एक कप चाय बनाना या उनके घरेलू कामों में हाथ बंटाना जैसे साधारण काम भी काफी मददगार साबित होंगे।

उनके साथ वक्त बिताएं

अत्यधिक संवेदनशील व्यक्ति अपने प्रियजनों का साथ, उनका लगाव चाहते हैं। ऐसे लोगों के साथ वॉक पर जाना, उनकी इंद्रियों को शांत कर सकता है और बेहतर निर्णय लेने में सहायता कर सकता है, खासकर जब कोई व्यक्ति भावनाओं से अभिभूत हो। उन्हें सैर पर ले जाएं और अपने डर के बारे में बात करने के लिए प्रोत्साहित करें। उन चीजों के बारे में निर्णय लेने में उनकी मदद करें, जिनसे वे जूझ रहे हैं।



फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### बेरी की अदाओं ने किया घायल फैंस बोले-लाइफ हो तो ऐसी



हॉलीवुड की 'बॉन्ड गर्ल' हैल बेरी की अदाओं के हम सब कायल रहे हैं। अब 59 की उम्र में भी इस हसीना ने हर किसी को घायल कर दिया है। एक्ट्रेस ने अपने बर्थडे वेकेशन से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देख दुनिया दीवानी हुई जा रही है। 'जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइज' की फिल्म 'डाई अनदर डे' में अपने सांवले हुस्न से दुनिया को दीवाना बना देने वाली हैल बेरी आपको याद होंगी। हैली 59 साल की हो गई हैं। इस अमेरिकी एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपने बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें शेयर की हैं। बॉन्ड की फिल्मों में बिकिनी पहन पानी से बाहर आकर दिल धड़काने वाली हैल की अदाएं यहां भी मदहोश करने वाली हैं। तस्वीरों में समंदर है, नीला आसमान है, बिकिनी में हैल हैं और साथ हैं उनके बॉयफ्रेंड वैन हंट। इन तस्वीररों को देख फैंस कह रहे हैं कि लाइफ हो तो हैली बेरी जैसी हो। उम्र ने तो जैसे उनपर असर करना ही बंद कर दिया है। हैल अपना बर्थडे मनाने कहां गई थीं, इसकी जानकारी तो नहीं है। लेकिन उनहोंने जो तस्वीरें शेयर कीं, वह बेहद खूबसूरत हैं। गहरे समंदर के ऊपर बिकिनी में हैल कहीं खूबसूरत मुस्कान बिखेर रही हैं, तो कहीं वैन के साथ बिस्तरर पर चिल्लह करती नजर आ रही हैं। फैंस की नजरों में हैली की यह तस्वीर सबसे शानदार है। अपने पैरों से वाइन ग्लास पकड़ने की उनकी असाधारण क्षमता से बहुतों को जलन हो रही है। कुछ ने कहा है कि अब वो भी यह तरीका अपनाएंगे। हैल बेरी का पूरा नाम हैल मारिया बेरी है। हैल एक्ट्रेस बनने से पहले सुपर मॉडल थीं। उन्हों ने मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू किया और कई ब्यूटी कॉन्टेस्ट में भी हिस्सा लिया। साल 1986 में वह 'मिस यूएसए' में फर्स्ट रनरअप रही थीं। इसके बाद 1986 की मिस वर्ल्ड कंपीटिशन में उन्हों ने छठा स्थान हासिल किया था। साल 1991 में 'जंगल फीवर' से करियर की शुरुआत करने वाली हैल की पहली हिट फिल्म रोमांटिक कॉमेडी 'बूमरैंग' (1992) थी। इसमें वह एडी मर्फी के साथ नजर आई थीं।

## टॉलीवुड

### कल्याणी प्रियदर्शन की एक्टिंग के दीवाने हुए दर्शक, यूजर्स को पसंद आ रही 'लोका



कल्याणी प्रियदर्शन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लोका चैप्टर 1' थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म को देखने के बाद दर्शक एक्स पर शानदार प्र तिक्रियाएं दी है। उन्हें अभिनेत्री की एक्टिंग भी बहुत पसंद आ रही है। दुलकर सलमान द्वारा निर्मित और कल्याणी प्रियदर्शन अभिनीत 'लोका चैप्टर-1' दर्शकों को प्रभावित करती नजर आ रही है। एक्ट्रेस के अभिनय के अलावा नेटिजंस को इंटरवल पार्ट भी काफी पसंद आ रहा है। एक्स पर एक यूजर ने ट्वीट किया, 'पहला हाफ शानदार है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'इंटरवल पार्ट रोंगटे खड़े कर देने वाला है।' इसके अलावा अन्य यूजर्स कल्याणी प्रियदर्शन की एक्टिंग की काफी सराहना कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन डोमिनिक अरुण द्वारा किया गया है। फिल्म का म्यूजिक दर्शकों का ध्यान खींच रहा है।

## भोजपुरी

### सुहागन बन सुर्ख लाल जोड़े में रानी ने शेयर किया 'सास बहू चली स्वर्गलोक' का वीडियो



भोजपुरी अभिनेत्री रानी चटर्जी ने अपनी आगामी फिल्म 'सास बहू चली स्वर्गलोक' के सेट से एक मजेदार बी टी ए स या नी 'बिहाइंड द सीन्स' वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में, वह अर्थी पर लेटी हुई हैं और चिलचिलाती गर्मी से परेशान दिख रही हैं, जिससे सेट पर हंसी का माहौल बन गया है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई वीडियो में रानी चटर्जी शुरुआत में बताती है, 'मैं शूट कर रही हूं अर्थी का सीन... जिसमें मैं मर गई हूं।' इसके बाद वह सुहागन बन सुर्ख लाल जोड़े में अर्थी पर लेटी हुई नजर आती हैं और आसपास फिल्म की टीम मौजूद है। वीडियो में आगे रानी कैमरे की ओर देखकर मुस्कुराती हैं और मजाक करने लगती हैं, जिससे पूरा माहौल मजेदार हो जाता है। रानी वीडियो में कहती हैं, 'मैं ऐसा सीन दूसरी बार कर रही हूं। इससे पहले मैंने फिल्म मैं प्रेम की दीवानी में ऐसा सीन किया था।' वहीं वह चिलचिलाती गर्मी से परेशान होती भी नजर आई। वह वीडियो में कहती हुई दिखती है कि गर्मी बहुत ज्यादा है। इस दौरान सेट पर मौजूद टीम का एक मेंबर रानी को पोर्टेबल फैन से हवा देने लगता है ताकि उन्हें कुछ राहत मिले। इस बीच पीछे से किसी की आवाज आती है- 'डेड बॉडी को हवा दी जा रही है।' यह सुनकर रानी और आसपास की टीम हंसने लगते हैं। वीडियो में न सिर्फ रानी बल्कि फिल्म के अन्य कलाकार भी नजर आ रहे हैं। कोई कैमरे के पीछे है, तो कोई सीन की तैयारी कर रहा है। रानी ने इस वीडियो को साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'सास बहू चली स्वर्गलोक' देखने में जितना मजा आया, उससे कई गुना ज्यादा मजा शूट करने में आया।

लाइफ स्टाइल



गहनों की चाह

अगर भारतीय शादियों से जुड़ी एक बड़ी पहचान की बात की जाए तो वह है भव्यता और दुल्हन के गहने के अलावा कुछ नहीं हो सकती। हालांकि, 2025 में भारतीय दुल्हनों के लिए ज्वेलरी डिजाइनर कुछ नए कलेक्शन लेकर आएं हैं लेकिन लोगों का ध्यान परंपरागत गहनों की तरफ ज्यादा जाता है। आगामी दिनों में शादियों के मुहूर्त को देखते हुए माना जा रहा है कि परंपरागत डिजाइनर ज्वेलरी की मांग बढ़ जाएगी।

# नमी भरे मौसम में बचें बॉडी बटर के इस्तेमाल से



बॉडी बटर का इस्तेमाल हर मौसम में नहीं किया जाना चाहिए। खासतौर से, बारिश या इसके बाद नमी भरे मौसम के दौरान बॉडी बटर का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। इस मौसम में अगर नियमित रूप से बॉडी बटर का इस्तेमाल करती हैं तो इससे आपको कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नमी से भरे मौसम के दौरान बॉडी बटर का इस्तेमाल करने के कुछ नुकसान के बारे में आपको जरूर जानना चाहिए।

### स्किन रहती है चिपचिपी

मानसून का मौसम नमी बहुत अधिक बढ़ जाती है। वहीं, दूसरी ओर बॉडी बटर की कंसिस्टेंसी थिक होती है। जिसके कारण जब बॉडी बटर को स्किन पर अप्लाई किया जाता है तो यह स्किन में जल्दी से अब्जॉर्ब नहीं हो पाता है। जिससे आपकी स्किन अधिक ऑयली, चिपचिपी या फिर ग्रीसी महसूस हो सकती है।

### क्लॉग पोर्स की समस्या

बॉडी बटर स्किन पर काफी हैवी हो सकता है। यदि आप इसे अधिक मात्रा में लगाती हैं या फिर आप मानसून में अपनी एक्ने प्रोन स्किन पर अप्लाई करती हैं तो इससे आपके पोर्स क्लॉग हो सकते हैं। साथ ही साथ, इससे स्किन इरिटेशन या ब्रेकआउट की शिकायत भी हो सकती है।

### फंगल इंफेक्शन का बढ़ता खतरा


मानसून के दौरान ह्यूमिडिटी के कारण फंगल इंफेक्शन का खतरा काफी बढ़ जाता है। हालांकि, अगर आप इस मौसम में बॉडी बटर का इस्तेमाल करते हैं तो इससे यह समस्या और भी अधिक बढ़ सकती है। अगर आप शरीर की हाइजीन का पूरा ख्याल नहीं रखते हैं और पसीना जमा होने वाले एरिया पर बॉडी बटर लगाते हैं तो इससे आपको फंगल इंफेक्शन की शिकायत हो सकती है।

### हो सकता है एलर्जिक रिएक्शन

कई बार बॉडी बटर में फ्रेगरेंस आदि का इस्तेमाल किया जाता है और इसलिए अगर बॉडी बटर को सेंसेटिव स्किन पर लगाया जाता है तो इससे एलर्जिक रिएक्शन का खतरा काफी बढ़ जाता है। मानसून के दौरान नमी के कारण एलर्जिक रिएक्शन की संभावना काफी बढ़ जाती है।

# ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी को साड़ी के साथ इन तरीकों से करें कैरी







साड़ी एक ऐसा एथनिक वियर है, जिसे किसी भी ओकेजन पर आसानी से कैरी किया जा सकता है। आमतौर पर, हम सभी ऑफिस से लेकर पार्टी तक साड़ी को स्टाइल करते हैं। यूं तो साड़ी देखने में बेहद ही ग्रेसफुल लगती है, लेकिन अगर इसके साथ ज्वैलरी को सोच-समझकर स्टाइल किया जाए तो इससे आपका लुक और भी अधिक निखर जाती है। साड़ी के स्टाइल के अनुसार आप पर्ल से लेकर कुंदन, डायमंड व गोल्ड ज्वैलरी आदि कई तरह की एक्सेसरीज कैरी कर सकती हैं। लेकिन ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी की बात ही कुछ और है। इसे आप कई तरह से स्टाइल कर सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ स्टाइलिंग टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप साड़ी के साथ ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी को कैरी कर सकती हैं-

### पहनें स्टेटमेंट नेकपीस

अगर आप किसी पार्टी के लिए रेडी हो रही हैं और साड़ी के साथ ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी कैरी करना चाहती हैं तो ऐसे में स्टेटमेंट नेकपीस पहननाअच्छा विचार हो सकता है। कोशिश करें कि आप साड़ी के साथ डिज़ाइनर ब्लाउज और स्टेटमेंट ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी को स्टाइल करें। यह आपके स्टाइल को इंडो-वेस्टर्न लुक देता है। ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी के साथ आप अपनी आइज को बोल्ड लुक दें।

### स्टाइल करें नेकपीस और इयररिंग्स

अगर आप साड़ी के साथ ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी पहनते समय एक बैलेंस लुक चाहती हैं तो ऐसे में ऑक्सीडाइज्ड नेकपीस के साथ मैचिंग इयररिंग्स को भी स्टाइल किया जा सकता है। यह एक ग्रेसफुल लुक है और डे टाइम या इवनिंग टाइम में अगर आप कहीं बारह जा रही हैं तो ऐसे में आप साड़ी के साथ ऑक्सीडाइज्ड नेकपीसके साथ इयररिंग्स को कैरी करें।

# मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल करें तरीके से



मेकअप करना हम सभी को बेहद पसंद होता है और इसके लिए हम आए दिन अपनी मेकअप वैनिटी में नए से नए प्रोडक्ट्स को शामिल करते रहते हैं। यह तो हम सभी जानते हैं कि मेकअप कई प्रकार के होते हैं, लेकिन इसी के साथ मेकअप को केवल चेहरे पर ही नहीं किया जाता है बल्कि इसे शरीर पर इस्तेमाल किया जाता है। ऐसा इसलिए ताकि बॉडी का कलर भी चेहरे के साथ मिलता हुआ नजर आए। वहीं मेकअप हाइलाइटर सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है और इसे चेहरे के अलावा आप शरीर के हाई पॉइंट्स पर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं चेहरे के अलावा मेकअप हाइलाइटर को बॉडी के हाई पॉइंट्स पर इस्तेमाल कर सकती हैं। साथ ही बताएंगे मेकअप से जुड़े कुछ टिप्स।

### पैरों पर कैसे करें इस्तेमाल

अगर आप शॉर्ट ड्रेस पहन रही हैं तो घुटने पर मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं आप चाहे तो घुटनों से लेकर पैरों तक में मेकअप कंटूरिंग कर फिर आप हाइलाइटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप चाहे तो लिक्विड हाइलाइटर को मॉइस्चराइजर में मिक्स करके टांगों पर लगा सकती हैं।

### गर्दन पर इस्तेमाल

चेहरे के हाई-पॉइंट्स के अलावा आप मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल गर्दन पर भी कर सकती हैं ताकि चेहरे का टोन गर्दन से आसानी से मैच कर जाये और आपका लुक खूबसूरत नजर आए। वहीं अगर आपकी गर्दन का कलर चेहरे से ज्यादा अलग है तो आप पहले कलर कंसीलर का इस्तेमाल कर सकती हैं और चाहे तो कॉलर बॉन्स पर मेकअप कंटूरिंग कर सकती हैं।

# बेल स्लीव्स में स्टनिंग दिखने फॉलो करें टिप्स



बेल स्लीव्स डिजाइन नार्मल स्लीव्स से काफी अलग होता है, इसलिए जब आप इसे डिजाइन करवाती हैं तो आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का भी ध्यान रखना होता है। इन टिप्स को फॉलो करके आपका ओवर ऑल लुक काफी अच्छा लगता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको बेल स्लीव्स डिजाइन करवाते समय ध्यान में रखना चाहिए-

### लेंथ पर दें ध्यान

जब आप बेल स्लीव्स पहन रही हैं तो आपको उसकी लेंथ पर भी ध्यान देना चाहिए। आप अपने बॉडी टाइप को ध्यान में रखते हुए लेंथ को सलेक्ट करें। मसलन, अगर आपकी हाइट कम है तो अपने लुक को बैलेंस करने के लिए आप शॉर्ट स्लीव्स को चुनें। वहीं, अगर आप स्लिम हैं और आपकी हाइट लंबी हैं तो आप थ्री फोर्थ लेंथ की बेल स्लीव्स भी डिजाइन करवा सकती हैं।

### ओकेजन का रखें ध्यान

बेल स्लीव्स को यूं तो किसी भी ओकेजन पर पहना जा सकता है, लेकिन जब आप उसे स्टाइल कर रही हैं तो आपको ओकेजन का खास तौर पर ध्यान रखना चाहिए। मसलन, कैजुअल आउटिंग के लिए, जींस या शॉर्ट्स के साथ फ्लोई बेल स्लीव्स टॉप एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है, वहीं किसी फॉर्मल ओकेजन के लिए आप बेल स्लीव्स के साथ स्ट्रक्चर्ड टॉप पहन सकती हैं।

### हो जाएं एक्सपेरिमेंटल

भले ही आपने बेल स्लीव्स को स्टाइल करने का मन बनाया है, लेकिन फिर भी आप इसमें कई स्टाइल को कैरी कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

ठंड के आने से पहले खयाल रखें अपनी स्किन का

# मेंस फैशन में बाधा नहीं बनना चाहिए बारिश का मौसम, ग्लोइंग स्किन के लिए अपनाएं आसान टिप्स

सही स्किनकेयर न केवल चेहरे को तरोताजा रखता है बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। अभी बारिश का मौसम गया नहीं है और ठंड आई नहीं है। इस बीच कुछ आसान टिप्स अपनाकर लड़के इस मौसम में भी अपनी स्किन का ध्यान रख सकते हैं। इस मौसम में जहां नमी के साथ ठंडक रहती है, वहीं यह त्वचा के लिए कई चुनौतियां भी खड़ी करता है। बरसात के इस मौसम में महिलाओं के अलावा पुरुषों को भी स्किन संबंधित कई समस्याएं हो सकती हैं। नमी, पसीना और धूल-मिट्टी के कारण चेहरे पर मुंहासे, चिपचिपापन और इंफेक्शन जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में जरूरी है कि पुरुष अपनी ग्रूमिंग रूटीन को मौसम के हिसाब से बदलें। सही स्किनकेयर न केवल चेहरे को तरोताजा रखता है बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। आइए जानते हैं कुछ आसान टिप्स, जिन्हें अपनाकर लड़के मानसून में भी अपनी स्किन का ध्यान रख सकते हैं।



### स्पेशल ग्रूमिंग हैक्स

लड़कों को इस मौसम में शेविंग के बाद आफ्टरशेव लोशन का इस्तेमाल करना चाहिए, ताकि इंफेक्शन न हो। बालों और दाढ़ी को साफ रखना भी जरूरी है। हफ्ते में एक बार होममेड फेसपैक जैसे नीम या मुल्तानी मिट्टी का पैक लगाना फायदेमंद होता है।

### क्लेंजिंग है सबसे जरूरी

इस मौसम में चेहरे पर गंदगी और तेल जल्दी जम जाते हैं। इसलिए दिन में कम से कम दो बार माइल्ड फेसवॉश से चेहरा धोना चाहिए। यह पोर्स को साफ करता है और मुंहासों को रोकता है।

### मॉइश्चराइजर न भूलें

अक्सर लड़के सोचते हैं कि ऑयली स्किन में मॉइश्चराइज़र की जरूरत नहीं है, लेकिन इस मौसम की नमी स्किन को डिहाइड्रेट भी कर सकती है। हल्का, ऑयल-फ्री मॉइश्चराइज़र स्किन को बैलेंस में रखता है।

### सनस्क्रीन है अनिवार्य

इस मौसम में धूप कम दिखती है, लेकिन यूवी रेज अब भी स्किन को नुकसान पहुंचाती हैं। वॉटर-रेजिस्टेंट सनस्क्रीन लगाने से टैनिंग और एजिंग से बचाव होता है। सनस्क्रीन लगाकर घर से निकलना आपकी त्वचा को सुरक्षित रख सकती है।

### हेल्दी डाइट और हाइड्रेशन

चेहरे की चमक सिर्फ बाहर की देखभाल से नहीं आती। मानसून में तली-भुनी चीजों से बचना और ताजे फल-सब्जियां खाना जरूरी है।

